www.sanjanabharati.com
दिल्ली और गौतम बुद्ध नगर से प्रकाशित। हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड व उत्तराखंड में प्रसारित
facebook.com/Sanjanabharati

SB NEWS

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# संजना भारती

RNI No. : DELHIN/2016/70240

आपका भरोसा, हमारी ताकत



2 आखिर कौन होगा भाजपा का अगला राष्ट्रीय...
3 प्लेन क्रेश की घटना स्तब्ध कर अंदर से झकझोर...
4 योग से बनेगा स्वस्थ और नशा मुक्त समाज...

वर्ष: 9 | अंक: 230 | दिल्ली, शनिवार, 14 जून 2025 | पृष्ठ संख्या: 4 | मूल्य: 1 रुपया

## संक्षिप्त समाचार

### पंजाब के पठानकोट में एयरफोर्स के अपाचे हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

**पठानकोट (एजेन्सी)।** पंजाब के पठानकोट जिले के नांगलपुर पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत हलेड़ गांव में गुरुवार सुबह भारतीय वायुसेना के अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर ने आपातकालीन लैंडिंग की। शुरूआती रिपोर्टों के अनुसार, किसी के घायल होने या किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। पठानकोट वायुसेना स्टेशन से उड़ान भरने वाले हेलीकॉप्टर को कथित तौर पर तकनीकी दिक्कतों का सामना करने के बाद एहतियातन खुले मैदान में उतरना पड़ा। हेलीकॉप्टर को उतरते देख ग्रामीण मौके पर जमा हो गए, लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत इलाके की घेराबंदी कर दी। 6 फरवरी: मध्य प्रदेश के शिवपुरी के पास मिराज 2000 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्रशिक्षण उड़ान के दौरान विमान में सिस्टम में खराबी आने के बाद पायलट सुरक्षित रूप से बाहर निकल गए। कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए गए। नवंबर 2023: उत्तर प्रदेश के आगरा के पास एक अन्य प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान मिग-29 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में बीच हवा में तकनीकी खराबी आने के बाद पायलट सुरक्षित रूप से बाहर निकल गया।

### राजस्थान में 2-3 दिनों तक भीषण गर्मी और गर्म रातें जारी रहेंगी: आईएमडी

**राजस्थान (एजेन्सी)।** पूरा उत्तर भारत भीषण गर्मी की चपेट में है। इसी बीच भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को राजस्थान के लिए पूवार्नुमान जारी किया है। इस अनुमान के मुताबिक आगामी दो से तीन दिनों तक खास तौर से पश्चिमी और उत्तरी राजस्थान के कई हिस्सों में गर्म हवाएं चल सकती है। इस दौरान भीषण गर्मी और गर्म रातें जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, राजस्थान के श्रीगंगानगर में अधिकतम तापमान 47.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। एएनआई से बात करते हुए, मौसम विज्ञान केंद्र, जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने कहा, "पिछले 24 घंटों में, राज्य के कई हिस्सों में तापमान 1-2 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया है। अगले 2-3 दिनों तक लू, भीषण लू और गर्म रात की स्थिति जारी रहने की संभावना है, खासकर पश्चिमी और उत्तरी राजस्थान के कुछ हिस्सों में। श्री गंगानगर (राजस्थान) में सबसे अधिक तापमान 47.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।" उन्होंने कहा, "अगले 24 से 48 घंटों के बाद राज्य के कुछ हिस्सों में प्री-मानसून गतिविधियां शुरू हो जाएंगी। पिछले 2 दिनों में मानसून की गतिविधियां पहले से ही बढ़ गई हैं। आने वाले दिनों में पूर्वी और मध्य भारत के कुछ हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अहमदाबाद में हुए दुखद विमान हादसे में घायल लोगों से भेंट की

## प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद हवाई हादसे पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की

संजना भारती/पीआईबी

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के बाद यहां का दौरा किया। इस विमान दुर्घटना में कई लोगों की मृत्यु हो गई है। प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी पूर्ण संवेदना व्यक्त करते हुए, श्री मोदी ने इस हादसे में घायल हुए लोगों से भेंट की, जिसमें एकमात्र जीवित बचे एक सज्जन भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने इस कठिन समय में पूरे देश के संपूर्ण भाव से उनके साथ होने का भी आश्वासन दिया।

प्रधानमंत्री ने राहत एवं बचाव कार्यों का आकलन करने के लिए अहमदाबाद हवाई अड्डे पर शीर्ष अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की भी अध्यक्षता की।

एक्स पर अलग-अलग पोस्ट में श्री मोदी ने कहा-अहमदाबाद में हुए दुखद विमान हादसे के बाद घायल हुए लोगों से भेंट की, इनमें एकमात्र जीवित बचे सज्जन से मुलाकात भी शामिल है। उन्हें भरोसा दिलाया कि हम इस कठिन समय में उनके और उनके परिवारों के साथ हैं।







पूरा देश उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहा है। अहमदाबाद हवाई अड्डे पर शीर्ष अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

# हरियाणा में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस होगा ऐतिहासिक, 11 लाख से अधिक योग साधक एक साथ करेंगे योगायास



संजना भारती संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 21 जून को मनाए जाने वाले 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को ऐतिहासिक बनाने की दिशा में पुरजोर तैयारियां की जा रही हैं। 21 जून को राज्य के 22 जिलों और 121 खंडों में एक साथ आयोजित होने वाले योग कार्यक्रमों में लगभग 11 लाख से अधिक लोग भाग लेंगे। इस वर्ष का राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम कुरुक्षेत्र के पावन ब्रह्म सरोवर पर आयोजित किया जाएगा, जहां से भगवान श्रीकृष्ण ने विश्व को कर्म का संदेश दिया था। इस ऐतिहासिक स्थल पर आयोजित योग सत्र में योग गुरु स्वामी रामदेव स्वयं उपस्थित रहकर लोगों को योगाभ्यास कराएंगे। इस आयोजन में एक लाख से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे न केवल योग को जन-जन तक पहुंचाया जा सके, बल्कि एक नया विश्व रिकॉर्ड भी स्थापित किया जा सके।



मुख्यमंत्री पंचकूला में भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) प्राथमिक प्रशिक्षण केंद्र, भानू में आयुष विभाग, हरियाणा योग आयोग और आईटीबीपी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान, मुख्यमंत्री सहित अन्य अतिथियों और आईटीबीपी के जवानों ने अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश हादसे के मृतकों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए दो मिनट का मौन रखा और परमात्मा से दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान देने की कामना की।

श्री नायब सिंह सैनी ने भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के जवानों के अद्भुत योगदान को नमन करते हुए कहा कि यह स्थान अनुशासन, सेवा, समर्पण और राष्ट्रभक्ति की जीवंत परंपरा है। हमारे जवान कठिन परिस्थितियों में उत्तर-पूर्वी सीमाओं की दिन-रात रक्षा करते हैं। आपदा, राहत बचाव कार्य, आंतरिक सुरक्षा सहित अंतर्राष्ट्रीय खेलों में आईटीबीपी के जवानों की सहभागिता सदैव अग्रणी रही है।

उन्होंने हरियाणा योग आयोग की सराहना करते हुए कहा कि केंद्रीय सुरक्षा बलों के जवानों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए आयोग योग को बढावा दे रहा है। योगासन के खिलाड़ी भी तैयार कर रहा है। आज का यह योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यह आगामी 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 से एक सप्ताह पहले आयोजित किया जा रहा है। इसका महत्व इसलिए अधिक है, क्योंकि यह देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले जवानों के लिए आयोजित किया गया है।

# स्पोर्ट्स जीत कूने डो मार्शल आर्ट की टीम इंटरनेशनल चैंपियनशिप खेलने के लिए मुंबई रवाना

संजना भारती संवाददाता

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश लोनी गाजियाबाद से स्पोर्ट्स जीत कूने डो मार्शल आर्ट की टीम इंटरनेशनल चैंपियनशिप खेलने के लिए मुंबई रवाना हुई।

**23 स्पोर्ट्स जीत कूने डो चैंपियनशिप में भाग लेने वाले 8 बच्चे हैं जिनके नाम इस प्रकार है**-शिव चितौड़ी 22, समर सिंह राणा 14, हर्ष मित्तल 15, नितेश बंसल 16, शिवम गौड 11, सृष्टि शर्मा 15, दिव्यांशी बिष्ट 14, छवि पांचाल 13 साल की उम्र के सभी बच्चे और उनके कोच राकेश कुमार चित्तौड़ी ब्लैक बेल्ट सातवीं रैंक, स्पोर्ट्स जीत कूने डो कोच मैनेजर विधि चितौड़ी अपनी पूरी टीम को लेकर मुंबई के लिए रवाना हुई।

स्कूल के सभी टीचरों ने और पैरेंट्स ने सभी को बहुत-बहुत आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी है। सभी ने कहा है जाओ और जीत कर आओ।

इस चैंपियनशिप का आयोजन स्पोर्ट्स जीत कूने डो के ग्रैंडमास्टर इंडिया और इस गेम के फाउंडर मिस्टर राजेंद्र कुमार गिहरा ब्लैक बेल्ट दसवीं रैंक और उनकी टीम द्वारा किया जा रहा है। इस चैंपियनशिप में श्रीलंका, भूटान, नेपाल इत्यादि देशों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यह चैंपियनशिप 14-15 जून तक आयोजित किया जाएगा।



# स्पोर्ट्स जीत कूने डो के कोच राकेश कुमार चितौड़ी ने अपनी टीम के साथ सभासद सत्येंद्र जैन से किया मुलाकात

संजना भारती संवाददाता

**गाजियाबाद।** स्पोर्ट्स जीत कूने डो के कोच राकेश कुमार चितौड़ी अपनी टीम के साथ इंद्रा पुरी के सभासद सत्येंद्र जैन से चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उनसे शुभकामनाएं लेने पहुंचे।

सभासद सत्येंद्र जैन ने राकेश कुमार चितौड़ी को कहा कि जो भी मुझसे प्रयास हो सकेगा इन बच्चों के लिए वह मैं अवश्य करूंगा जैसे मुझे एमएलए साहब से या एमपी साहब से भी कुछ कहना पड़े तो मैं वह करूंगा और अपने क्षेत्र में जो भी पार्क है उनमें आपकी क्लासेस लगाने की पूर्ण कोशिश करूंगा। इसी शब्दों के साथ उन्होंने हमें शुभकामनाएं दी। सत्येंद्र जैन ने यह भी कहा कि आप इंटरनेशनल चैंपियनशिप में जाए और अच्छे मेडल लेकर आए, जब आप मेडल लेकर आएंगे तब मैं आपके स्वागत के लिए तैयार रहूंगा और आपका बहुत अच्छी तरह से हम सब स्वागत करेंगे। सभासद ने कहा कि मार्शल आर्ट के इतने अच्छे प्लेयर हमारे इलाके में रहते हैं यह मुझे आज पता चला है। यह सुनकर मुझे बहुत खुशी हुई है और आप सभी को मेरी तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं।



### प्रधानमंत्री मोदी ने इजराइल पीएम नेतन्याहू से बातचीत की, शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली पर जोर दिया

**(एजेन्सी)। नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बताया कि उन्हें इजरायल के प्रधानमंत्री



बेंजामिन नेतन्याहू का फोन आया, जिन्होंने उन्हें ईरानी ठिकानों पर इजरायल के हवाई हमलों के बाद उभरती सुरक्षा स्थिति के बारे में जानकारी दी। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फोन कर पश्चिम एशिया में उभरते हालात की जानकारी दी। मोदी ने शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली की आवश्यकता पर बल दिया। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का फोन आया। उन्होंने मुझे मौजूदा स्थिति के बारे में जानकारी दी। मैंने भारत की चिंताओं को साझा किया और क्षेत्र में शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली की आवश्यकता पर जोर दिया। इजराइल ने शुक्रवार की सुबह ईरान पर हमला किया जिसमें शीर्ष सैन्य अधिकारी मारे गए और परमाणु और मिसाइल ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिससे पश्चिम एशिया के दो कट्टर विरोधियों के बीच एक व्यापक युद्ध की आशंका बढ़ गई है। यह 1980 के दशक में इराक के साथ युद्ध के बाद ईरान पर सबसे बड़ा हमला था। इससे पहले दिन में विदेश मंत्रालय ने कहा था कि भारत ईरान और इजराइल के बीच हाल के घटनाक्रमों से बेहद चिंतित है और उभरती स्थिति पर करीब से नजर रख रहा है। भारत ने दोनों पक्षों से तनाव बढ़ाने वाले किसी भी कदम से बचने का आग्रह किया।

# '46 नयी अत्याधुनिक एम्बुलेंसें पंजाब में एमरजैंसी सेवाओं को देंगी काफी बढ़ावा'




एसबी संवाददाता

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की राज्य में समय पर, सुलभ और मानक स्वास्थ्य देखभाल यकीनी बनाने के प्रति वचनबद्धता की पुष्टि करते हुये पंजाब के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डा. बलबीर सिंह ने 46 अत्याधुनिक एम्बुलेंसों को हरी झंडी देकर रवाना किया जो राज्य भर में एमरजैंसी डाक्टरी सेवाओं का और विस्तार करेंगी। नयी एम्बुलेंसें शामिल करने से पंजाब के एमरजैंसी एम्बुलेंस फ्लिट की संख्या 371 हो गई है, जिससे इसकी जीवन रक्षक क्षमता में काफी विस्तार हुआ है।

इन नयी शामिल की एम्बुलेंसों में 7 चाइल्ड मेमोरियल एम्बुलेंसें भी शामिल हैं जो इस साल 7 मई को समाना (पटियाला) में घटित सड़क हादसे में दुखदायी तौर पर अपनी जानें गंवाने वाले बच्चों की याद को समर्पित हैं। अत्याधुनिक मैडीकल उपकरणों के साथ लैस यह एम्बुलेंसें क्षेत्र में एमरजैंसी रिस्पांस को मजबूत करते हुए उन बच्चों को श्रद्धांजलि के तौर पर काम करेंगी।

अन्य विवरण सांझे करते हुये डा. बलबीर सिंह ने बताया कि सभी नयी शामिल की गई एम्बुलेंसें अत्याधुनिक डाक्टरी उपकरणों के साथ लैस हैं जिनमें आक्सीजन और ऐंबू-बैग, जीवन-रक्षक दवाएँ और तुरंत रिस्पांस को यकीनी बनाने के लिए जीपीएस- आधारित ट्रेंकिंग सिस्टम शामिल है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में एम्बुलेंसों सेवा पीड़ितों तक 15 मिनट और ग्रामीण क्षेत्रों में 20 मिनट में पहुँच रही है, जोकि देश में सबसे बेहतर और अंतरराष्ट्रीय मापदण्डों के

### 15 मिनटों के अंदर-अंदर एम्बुलेंस सेवा पीड़ितों तक पहुँच रही हैं: डा. बलबीर सिंह

मुताबिक है। उन्होंने आगे कहा, हमारा लक्ष्य रिस्पांस समय को 10 मिनट तक घटाना और यह यकीनी बनाना है कि गंभीर देखभाल सेवा गोल्डन ऑवर के अंदर मरीजों तक पहुँचे।

जिक्रयोग्य है कि 108 एम्बुलेंस सेवा जो पंजाब का सबसे भरोसेमन्द एमरजैंसी रिस्पांस नैटवर्क है, जिसने 2011 में अपनी शुरूआत से लेकर अब तक 30 लाख से अधिक नागरिकों को सेवाओं दी हैं और हादसों, दिल की बीमारियों सम्बन्धी आपात स्थितियों, माताओं की स्वास्थ्य समस्याओं और हादसों के दौरान गंभीर देखभाल प्रदान की है। डा. बलबीर सिंह ने कहा, 108 सेवा हमारी एमरजैंसी स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली की रीढ़ की हड्डी है। इन नयी एम्बुलेंसों से हम यह यकीनी बना रहे हैं कि हर जरूरतमंद तक सेवाएं पहुंचाई जाएँ।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि एमरजैंसी के बाद पहले घंटे को गोल्डन ऑवर माना जाता है, जहाँ समय पर डाक्टरी सहायता जानें बचा सकती है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा फोर्स ( ऐसऐसऐफ) के नजदीकी तालमेल के साथ काम करने वाली 108 एम्बुलेंसों ने मौके पर तुरंत डाक्टरी सहायता प्रदान करके मौतों को घटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

डा. बलबीर सिंह ने पैरामैडिकस, ड्राइवरों और एमरजैंसी रिस्पांडरों की समर्पित टीमों की उनकी अथक सेवा के लिए प्रशंसा भी की। बताने योग्य है कि जमीनी स्तर पर एमरजैंसी सेवाओं को मजबूत करने के लिए नयी एम्बुलेंस पंजाब के अलग-अलग जिलों में तैनात की जाएंगी। इन जिलों में बरनाला (1), बठिंडा (1), फरीदकोट (1), फतेहगढ़ साहिब (3), फाजिल्का (1), फिरोजपुर (1), गुरदासपुर (2), होशियारपुर (1), जालंधर (1), कपूरथला (2), लुधियाना (4), मानसा (2), मोगा (2), मोहाली (2), मुक्तसर साहिब (1), मालेरकोटला (2), एस. एस. एस. नगर (2), पठानकोट (2), पटियाला (11), रूपनगर (1), संगरूर (2), तरन तारन (1) शामिल हैं।

इस समागम में पंजाब हैल्थ सिस्टम कारपोरेशन (पीऐचऐससी) के चेयरमैन रमन बहल, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य और परिवार कल्याण कुमार राहुल, पीएचएससी के मैनेजिंग डायरैटर अमित तलवार, स्वास्थ्य सेवाएं पंजाब की डायरैक्टर डा. हितिन्दर कौर, परिवार कल्याण पंजाब की डायरैक्टर डा. जसमिन्दर कौर, स्टेट इंशोरैंस पंजाब की डायरैक्टर डा. जसप्रीत कौर, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन पंजाब के डायरैक्टर डा. बलविन्दर सिंह, पीएचएससी प्रोक्युरमेंट के डायरैक्टर डा. पवनप्रीत कौर, वातावरण और जलवायु परिवर्तन के डायरैक्टर-कम-प्रदेख नोडल अफसर, मिशन तंदुरुस्त पंजाब डा. गुरहरमिन्दर सिंह और 108 एम्बुलेंस सेवा के प्रोजैक्ट हैड मनीष बत्रा शामिल थे।

# सम्पादकीय

## केंद्र सरकार के उपक्रम बन रहे कमाऊ पूत

आज से एक दशक से अधिक समय पूर्व तक केंद्र सरकार के उपक्रमों को चलायमान बनाए रखने के लिए केंद्रीय बजट में भारी भरकम राशि का प्रावधान करना पड़ता था तथा इन उपक्रमों को केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की जाती थी। परंतु, आज स्थिति एकदम बदल गई है एवं अब केंद्र सरकार के उपक्रम केंद्र सरकार को लाभांश के रूप में भारी भरकम राशि प्रदान कर रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में केंद्र सरकार के विभिन्न उपक्रमों ने 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित किया है। केंद्र सरकार के उपक्रमों में यह आमूलचूल परिवर्तन केंद्र में ईमानदार सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा निगमित अभिशासन से सम्बंधित नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराए जाने के चलते ही सम्भव हो सका है। पूर्व में इन उपक्रमों में पनप रहे भ्रष्टाचार के चलते इन उपक्रमों की लाभप्रदता पर विपरीत प्रभाव पड़ता था परंतु अब उच्च स्तर पर भ्रष्टाचार पर लगभग पूर्णतः अंकुश लगाया जा चुका है। साथ ही, केंद्र सरकार के इन उपक्रमों को नेतृत्व प्रदान कर रहे अधिकारियों पर भी बहुत कुछ निर्भर करता रहा है। केंद्र सरकार के इन उपक्रमों में अब आला नेतृत्व कुशल, ईमानदार एवं देश प्रथम की नीति पर चलने के साथ ही देश के प्रति सम्मान का भाव रखने वाला है। वित्तीय वर्ष 2024 में केंद्र सरकार के विभिन्न उपक्रमों ने 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित किया है। प्रथम स्थान पर भारतीय स्टेट बैंक है, जिसने 67,085 करोड़ रुपए का लाभ अर्जित किया है। इसके बाद ओएनजीसी ने 49,221 करोड़ रुपए, आईओसी ने 41,730 करोड़ रुपए, भारतीय जीवन बीमा निगम ने 40,916 करोड़ रुपए, भारतीय कोयला निगम ने 37,402 करोड़ रुपए, बीपीसीएल ने 26,859 करोड़ रुपए, एनटीपीसी ने 20,812 करोड़ रुपए, बैंक आफ बड़ौदा ने 18,767 करोड़ रुपए, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम ने 16,015 करोड़ रुपए एवं पावर फाइनेन्स कारपोरेशन ने 15,889 करोड़ रुपए की राशि का लाभ अर्जित किया है। इसके अतिरिक्त, पावर ग्रिड, कनारा बैंक, आरईसी लिमिटेड एवं यूनियन बैंक, ने 10,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित किया है। साथ ही, गैस अथॉरिटी इंडिया लिमिटेड, पंजाब नेशनल बैंक, इंडीयन बैंक, जैसे केंद्र सरकार के 42 अन्य उपक्रमों ने भी भारी भरकम राशि का लाभ अर्जित किया है। केंद्र सरकार के उपक्रमों के साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक, जो भारत में एक स्वायत्त संस्था के रूप में कार्य करता है एवं इस पर केंद्र सरकार का नियंत्रण लगभग नहीं के बराबर रहता है, ने भी पूरे विश्व के कई बड़े केंद्रीय बैंकों के बीच सबसे अधिक राशि का लाभ अर्जित किया है। अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व को वर्ष 2024 में 7,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुकसान उठाना पड़ा है, इसी प्रकार ब्रिटेन के केंद्रीय बैंक, बैंक आफ इंग्लैंड को 4,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुकसान हुआ है तथा यूरोपीयन यूनियन के केंद्रीय बैंक, ईसीबी को 900 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुकसान हुआ है। वहीं, इन केंद्रीय बैंकों की तुलना में भारतीय रिजर्व बैंक को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 3,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर का लाभ हुआ है। जिसके चलते भारतीय रिजर्व बैंक ने केंद्र सरकार को इस वर्ष 2.70 लाख करोड़ रुपए की राशि का लाभांश अदा करने की घोषणा की है। विभिन्न केंद्र सरकार के उपक्रमों ने भी इस वर्ष केंद्र सरकार को भारी भरकम राशि का लाभांश अदा किया है। भारतीय रिजर्व बैंक एवं केंद्र सरकार के उपक्रमों से प्राप्त होने वाली कुल लाभांश की राशि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट में किए गए प्रावधान की राशि से कहीं अधिक है। इसी प्रकार, केंद्र सरकार को प्रत्येक माह प्राप्त होने वाली वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की राशि भी अब मासिक औसत के रूप से 2 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गई है। अप्रेल 2025 माह में तो केंद्र सरकार को रिकार्ड 2.36 लाख करोड़ रुपए की राशि का राजस्व वस्तु एवं सेवा कर की मद से प्राप्त हुआ था। इसी प्रकार, मई 2025 में 2.01 लाख करोड़ रुपए की राशि का राजस्व जीएसटी मद से प्राप्त हुआ है। देश में प्रत्यक्ष कर (आय कर एवं कारपोरेट कर सहित) के रूप में प्राप्त राशि अप्रत्यक्ष कर के रूप में प्राप्त राशि से कहीं अधिक रही है। देश के आम नागरिकों के हित में यह बहुत अच्छा कार्य हुआ है क्योंकि प्रत्यक्ष कर उन नागरिकों से प्राप्त किया जाता है जो इस कर को अदा कर सकने की क्षमता एवं योग्यता रखते हैं अर्थात उनकी आय कर देने योग्य आय के स्तर से ऊपर रहती है जबकि अप्रत्यक्ष कर समाज के प्रत्येक वर्ग पर सामान्य रूप से एक जैसा लगाया जाता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 22.26 लाख करोड़ रुपए की राशि प्रत्यक्ष कर के रूप में केंद्र सरकार को प्राप्त हुई थी जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राप्त 19.60 लाख करोड़ रुपए की राशि से 13.57 प्रतिशत अधिक है। वहीं वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अप्रत्यक्ष कर (जिसमें वस्तु एवं सेवा कर, केंद्रीय उत्पाद शुल्क एवं सीमा शुल्क शामिल हैं) के रूप में प्राप्त राशि का लक्ष्य 16.33 लाख करोड़ रुपए का निर्धारित किया गया था।

## जयंती

### गुरु हरगोबिंद सिंह

सिक्खों के छठे गुरु थे, जिनका जन्म माता गंगा व पिता गुरु अर्जुन सिंह के यहाँ 14 जून, सन 1595 ई. में बडाली (भारत) में हुआ था। गुरु हरगोबिंद सिंह ने एक मजबूत सिक्ख सेना संगठित की और अपने पिता गुरु अर्जुन के (मुगल शासकों के हाथों 1606 में पहले सिक्ख शहीद) निर्देशानुसार सिक्ख पंथ को योद्धा-चरित्र प्रदान किया था। गुरु हरगोबिंद सिंह 25 मई, 1606 ई. को सिक्खों के छठे गुरु बने थे और वे इस पद पर 28 फरवरी, 1644 ई. तक रहे।

## पुण्यतिथि

### सुशांत सिंह राजपूत

जन्म-21 जनवरी, 1986, पटना, बिहार; मृत्यु-14 जून, 2020, मुम्बई, महाराष्ट्र) भारतीय फिल्म अभिनेता, थियेटर और टीवी कलाकार थे। उन्होंने सबसे पहले 'किस देश में है मेरा दिल' नामक धारावाहिक में काम किया, लेकिन उनको पहचान एकता कपूर के धारावाहिक 'पवित्र रिश्ता' से मिली। इसके बाद उन्हें फिल्मों के प्रस्ताव मिलना शुरू हुए। उनकी पहली फिल्म 'काय पो छे!' थी, जिसमें उनके अभिनय की काफी तारीफ भी हुई। 'काय पो छे' के बाद सुशांत सिंह राजपूत 'शुद्ध देसी रोमांस' में वाणी कपूर और परिणीति चोपड़ा के साथ दिखे। फिल्म सफल रही और सुशांत का फिल्मी कॅरियर परवान चढ़ गया।

## कल मिलेंगे

**टीचर स्टूडेंट से**-ये बताओ कि नदी में नींबू का पेड़ लगा है तो उसे कैसे तोड़ोगे?
**स्टूडेंट**-चिड़िया बनकर.
**टीचर**-तुम्हें चिड़िया कौन बनाएगा?
**स्टूडेंट**-जो नदी में नींबू का पेड़ लगाएगा.

## संजना भारती दैनिक

**भगवान शंकर जी के 11वें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक-**संजय कुमार** द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-41, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित तथा ए-281सी, गली नं. 3, ए-ब्लॉक, अम्बिका विहार, शिव विहार, दिल्ली-110094 से प्रकाशित। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत संपादक उत्तरदायी।
**RNI No. : DELHIN/2016/70240**
**Phone No.: 9871221635**
**E-mail ID:** sanjanabharati16@gmail.com
(किसी भी वाद-विवाद में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही होगा।)

# आखिर कौन होगा भाजपा का अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष, अब इसके लिए लॉबिंग करवा रही हैं विदेशी खुफिया एजेंसियां?

**पार्टी मामलों के जानकारों के मुताबिक, राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर अभी तलक किसी एक नाम पर सहमति नहीं बनी है। जबकि पार्टी के सीनियर नेताओं और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सीनियर पदाधिकारियों के बीच भी किसी एक नाम पर चर्चा नहीं हुई है। चूंकि अलग-अलग वजहों जैसे- आम चुनाव 2024, विधानसभा चुनाव महाराष्ट्र, हरियाणा, जम्मूकश्मीर आदि के चलते सांगठनिक चुनाव की प्रक्रिया में देरी होती रही**

-कमलेश पांडेय

**देश-दुनिया** की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी का अगला नया राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन बनेगा, इसको लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा के वरिष्ठ रणनीतिकारों के बीच माथापच्ची जारी है। कहने को तो यहां तक बताया जा रहा है कि अगले एक से डेढ़ महीनों में यह प्रक्रिया पूरी हो सकती है, क्योंकि राज्यों में संगठन चुनाव अंतिम चरण में हैं। लेकिन बात सिर्फ इतनी नहीं है! इसलिए सावधान! आखिर कौन होगा भाजपा का अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष, अब इसके लिए लॉबिंग करवा रही हैं विदेशी खुफिया एजेंसियां? जी हां, सीआईए की पूरी दिलचस्पी है इसमें! कुछ और छिपे रुस्तम होने की चर्चा है। तभी तो ब्रेक के बाद फैसला टल जाता है, पर कबतक?

दरअसल, अंतरराष्ट्रीय मामलों के एक जानकार ने नाम नहीं छापे जाने की शर्त पर बताया कि विगत कुछेक वर्षों से अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए, पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के साथ मिलकर किसी भी तरह से भाजपा/आरएसएस के रिश्तों को कमजोर करने में जुटी हुई है। इसके लिए वो नए भाजपा अध्यक्ष के नाम पर भी अंतर्विरोध पैदा करवा रही हैं। वहीं चीनी की खुफिया एजेंसी भारतीय विपक्ष को मजबूत करने के लिए हर दांव चल रही है। लेकिन मोदी मैजिक और योगी के हठयोग के आगे सबको पानी भरना पड़ रहा है।

वाकई, जिस तरह से इस महत्वपूर्ण पद के लिए एक अनार, सौ बीमार वाली स्थिति पैदा की जा रही है, वह किसी अन्य आशंका को भी जन्म दे रहे हैं। इसलिए भारत में कोई दूसरा 'मोरारजी देसाई' जैसा 'गद्दार पीएम' नहीं बन सके, यह भी देखना भाजपा-संघ की ही जिम्मेदारी है। क्योंकि जनता को उससे बहुत उम्मीदें हैं। इसलिए सोच समझकर फैसला करें और जल्दी करें। यही श्रेयस्कर होगा।

देखा जाए तो बीजेपी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष कब मिलेगा, इसकी चर्चा तकरीबन एक-डेढ़ साल से चल रही है। जबकि अब यह तय माना जा रहा है कि अगले एक से डेढ़ महीनों के भीतर बीजेपी अपना नया राष्ट्रीय अध्यक्ष तय कर लेगी। पार्टी मामलों के जानकारों के मुताबिक, अगले कुछ हफ्तों में सभी राज्यों में संगठन की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी, जिसके बाद तकरीबन 20 दिन में राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया भी पूरी हो जाएगी। इस तरह से जुलाई आखिर या अगस्त के पहले हफ्ते में यह हो सकता है। वहीं कुछ लोग बता रहे हैं कि संसद के मानसून सत्र से पहले पार्टी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल जाएगा। इसके लिए राष्ट्रीय सहमति बनाई जा रही है, क्योंकि अभी तक किसी एक नाम पर सहमति नहीं बन पाई है।

पार्टी मामलों के जानकारों के मुताबिक, राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर अभी तलक किसी एक नाम पर सहमति नहीं बनी है। जबकि पार्टी के सीनियर नेताओं और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सीनियर पदाधिकारियों के बीच भी किसी एक नाम पर चर्चा नहीं हुई है। चूंकि अलग-अलग वजहों जैसे- आम चुनाव 2024, विधानसभा चुनाव महाराष्ट्र, हरियाणा, जम्मूकश्मीर आदि के चलते सांगठनिक चुनाव की प्रक्रिया में देरी होती रही। वाकई, पहले विधानसभा चुनाव में अलग अलग राज्य इकाइयां व्यस्त थी और फिर 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सारा फोकस वहां शिफ्ट हो गया था।

वहीं, अभी यूपी, गुजरात, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना जैसे बड़े राज्यों में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष के नाम तय नहीं हो पाए हैं। इस प्रकार कुल 28 राज्य और 9 यूटी में से अभी तक दो दर्जन में ही पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त हो पाए हैं। इसके अलावा, संघ प्रमुख की सहमति भी एक बड़ी वजह बनकर सामने आई है, क्योंकि लोकसभा चुनाव 2024 में भले ही बीजेपी ने 370 सीटें जीतने का टारगेट रखा था, लेकिन संघ के कथित असहयोग की वजह से मैजिक नंबर 272 तक के करीब भी नहीं पहुंच पाई थी। जिसके बाद से ही यह तय माना जा रहा है कि अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी संगठन पर ज्यादा ध्यान देगा। यही वजह है कि अब जो भी नया अध्यक्ष बनेगा, वह संघ की पूरी सहमति से ही बनेगा। अन्यथा भाजपा की नाव बीच मझधार में डूब सकती है। चूंकि अटल-आडवाणी की जोड़ी के बाद मोदी-शाह की जोड़ी तो हिट रही है, लेकिन विभिन्न कारणों से इन्हें अब पूरी छूट नहीं दी जा सकती है। क्योंकि पहले सिंधी-पंजाबी लॉबी और अब गुजराती लॉबी के मजबूत होने का जो संदेश जनमानस में गया है, उससे हिंदी पट्टी के जागरूक लोगों में गहरी निराशा है। यह इलाका समाजवादियों/ कांग्रेसियों/ वामपंथियों का गढ़ रहा है। इसलिए यहां पर भाजपा-संघ की पकड़ मजबूत बनाये जाने के संघ किसी जमीनी नेता को भाजपा की कमान सौंपना चाहता है।

वहीं, संघ ने यह भी साफ कर दिया है कि चूंकि केंद्र सरकार में या राज्य सरकारों में मंत्री रह चुके कई लोगों को इस बार सरकार में जगह नहीं मिली है, इसलिए यह माना जा रहा है कि उन्हें संगठन की जिम्मेदारी दी जा सकती है, ऐसा बिल्कुल नहीं होगा। यही वजह है कि किसी केंद्रीय मंत्री के भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने की संभावना से भी पार्टी नेताओं ने इनकार किया हैं, जबकि मोदी-शाह लॉबी ऐसा ही करना चाहती है। वहीं बिहार विधानसभा चुनाव से पहले केंद्रीय कैबिनेट फेरबदल होने की चचाएं भी तेज हैं, इसलिए कुछ करिश्माई फैसले की उम्मीद सबको है। समझा जाता है कि इस बार जो भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेगा, वही अगले प्रधानमंत्री के चयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अगली कैबिनेट और राज्यों के मुख्यमंत्री, राज्यपाल, विभिन्न मंत्रियों आदि के चयन में उसकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी, इसलिए संघ अपने मजबूत आदमी को इस पद पर बैठाना चाहता है, ताकि आडवाणी और शाह जैसी जलालत आगे झेलने की नौबत नहीं आए। यही वजह है कि औद्योगिक घरानों को भी संघ के सिपाहियों ने सतर्क कर दिया है कि व्यक्तिविशेष के प्रति निष्ठा रखेंगे तो मुश्किल बढ़ेगी।

भाजपा के संविधान के मुताबिक, जब कम से कम 50 प्रतिशत प्रदेशों में सांगठनिक चुनाव पूरे हो जाते हैं, उसके बाद ही राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। ऐसे में जब राष्ट्रीय परिषद बन जाएगा तो राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए नामांकन और मतदान और मतगणना की तारीख तय करते हैं। ऐसे में अगर नामांकन एक से ज्यादा उम्मीदवारों का हुआ तो फिर मतदान होता है। हालांकि बीजेपी के अब तक के इतिहास में कभी भी राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए मतदान की स्थिति नहीं आई है। अबतक तो निर्विरोध ही राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव हुआ है।

बीजेपी के संविधान के मुताबिक, पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष वही व्यक्ति बन सकता है, जो कम से कम 15 वर्षों तक पार्टी का सदस्य रहा हो। राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव निर्वाचक मंडल करता है, जिसमें राष्ट्रीय परिषद के सदस्य और प्रदेशों के सदस्य शामिल हैं। निर्वाचक मंडल में से कोई बीस सदस्य राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव लड़ने वाले व्यक्ति के नाम का संयुक्त रूप से प्रस्ताव पेश कर सकते हैं। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से पहले जिला संगठनों के चुनाव, प्रदेश संगठन और राष्ट्रीय परिषद के चुनाव होते हैं। बता दें कि भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की रेस में संजय जोशी, योगी आदित्यनाथ, मनोहर लाल खट्टर, मनोज सिन्हा, शिवराज सिंह चौहान, भूपेन्द्र यादव, धर्मेंद्र प्रधान, सुनील बंसल, जी किशन रेड्डी आदि का नाम आगे है। इसमें से संजय जोशी व जी किशन रेड्डी के अलावा तमाम नाम संघ की कसौटी पर अनफिट बैठते हैं। इसलिए किसी अन्य तुरूप के पत्ते की भी पूरी गुंजाइश है जिसके लिए संघ-भाजपा मशहूर रहे हैं। इनके तीनों के अलावे तमिलनाडु से आने वाली वानति श्रीनिवासन, तमिलिसाई सौंदर्यराजन और आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम व टीडीपी संस्थापक एन.टी. रामाराव की बेटी डी. पुरंदेश्वरी का नाम भी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए चल रहा है। चूंकि तीनों महिलाएं दक्षिण से आती हैं। इसलिए पार्टी इन्हें मौका देकर दक्षिण में अपनी पैठ बनाने में जुटना चाहती है। गौरतलब है कि संसद का मानसून सत्र आगामी 21 जुलाई से शुरू होने वाला है। इसलिए सत्र की शुरूआत से पहले नए भाजपा अध्यक्ष के नाम का ऐलान हो सकता है। इस बाबत अगले हफ्ते से पार्टी की कवायद तेज हो जाएगी और 10 राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष जल्द ही चुन लिए जाएंगे। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की चुनाव की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

बता दें कि भारतीय जनता पार्टी के वर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल जून 2024 में खत्म हो चुका है। इसलिए अब वह एक्सटेंशन पर हैं। खास बात यह है कि नड्डा भाजपा अध्यक्ष होने के साथ-साथ मोदी सरकार में मंत्री भी हैं। यानी एक व्यक्ति एक पद के कारण भाजपा जल्द नया अध्यक्ष चुनने की तैयारी में जुटी है। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि मानसून सत्र नहीं बल्कि अगस्त महीने में बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर हलचल शुरू होने से पहले बीजेपी अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनना चाहेगी, क्योंकि चुनाव के दौरान विपक्ष के नैरेटिव को ध्वस्त किया जा सके।

बता दें कि भाजपा के संविधान के मुताबिक, बीजेपी के अध्यक्ष पद का कार्यकाल तीन साल का होता है। वहीं, एक व्यक्ति दो बार से अधिक पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बन सकता है। अब जो भी पार्टी के नए अध्यक्ष बनेंगे, उनके सामने 12 अहम चुनाव हैं। इस साल 2025 में बिहार विधानसभा चुनाव। 2026 में, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल और असम। 2027 में, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा, मणिपुर, पंजाब, राष्ट्रपति और उप राष्ट्रपति चुनाव में बीजेपी को जीत दिलाने की जिम्मेदारी होगी।

इस नजरिए से देखा जाए तो भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के सिर पर फूल नहीं, बल्कि कांटों का ताज होगा। उनके लिए पार्टी की तीसरी पीढ़ी के नेताओं को साधने और चौथी पीढ़ी के काबिल युवाओं को आगे बढ़ाने की दोहरी जिम्मेदारी होगी, ताकि 2047 तक भाजपा का निष्कंटक राज बना रहे। पीएम नरेंद्र मोदी यही चाहते हैं, लेकिन यह सबकुछ संघ के फैसलों पर निर्भर करता है।

(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# मन्दिरों में पैसे लेकर एवं वीआईपी दर्शन बन्द हो

**बांके बिहारी मंदिर में एक बार फिर वीआईपी कल्चर का खेल सामने आया है। मंदिर की भीड़ से हटकर वीआईपी दर्शन कराने के नाम पर एक निजी सुरक्षा एजेंसी ने बाउंसर उपलब्ध कराकर पैसे कमाने का गोरखधंधा शुरू कर दिया था। एजेंसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे फेसबुक और इंस्टाग्राम पर प्रचार कर यह दावा किया कि वे श्रद्धालुओं को भीड़ से बचाकर विशेष वीआईपी दर्शन कराने में मदद कर सकते हैं**

-ललित गर्ग

**ठाकुर** बांके बिहारी मंदिर में पैसे लेकर दर्शन कराने वाले बाउंसरों की गिरफ्तारी के बाद श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में सुगम दर्शन के नाम पर एक साथ इक्कीस लोगों की गिरफ्तारी जहां मंदिर प्रशासन की व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह है, वही ईश्वर के दरबार में पांव फैला रहा भ्रष्टाचार गहन चिन्ताजनक एवं शर्मनाक हैं। कुछ ही दिनों पहले ओंकारेश्वर स्थित ममलेश्वर मंदिर में भक्तों से वीआइपी दर्शन के नाम पर अवैध वसूली करने पर प्रशासन ने एक होमगार्ड जवान और दो पंडितों पर कार्रवाई की है। देश-विदेश के भक्त अगाध श्रद्धा से अपने आराध्य का दर्शन करने आते हैं, लेकिन देश के प्रमुख मन्दिरों में सीधे दर्शन कराने के नाम पर पैसों की लूट मची है या वीआईपी संस्कृति के नाम पर त्रासद एवं भेदभावपूर्ण स्थितियां पसरी है। सवाल यह पूछा जा रहा है कि हिंदुओं के धार्मिक स्थलों और आयोजनों में क्यों भक्तों के बीच भेदभाव होता है? मन्दिरों में गरीब एवं अमीर के बीच भेदभाव की स्थितियां खुला भ्रष्टाचार ही है। पैसे लेकर एवं वीआईपी दर्शन की अवधारणा भक्ति एवं आस्था के खिलाफ है। यह एक असमानता का उदाहरण है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी आघात करती है। श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में तो त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था भी है। मंदिर का चप्पा-चप्पा सीसीटीवी कैमरे की पहुंच में है। यह मन्दिर सुरक्षा कारणों से अतिसंवेदनशील स्थल होने के बावजूद ऐसा कृत्य खेदजनक ही नहीं, आपत्तिजनक भी है। मंदिर प्रबंधन को चाहिए कि दर्शन की प्रचलित व्यवस्था को और सुगम, भ्रष्टाचार व दोषरहित बनाए ताकि व्यवस्था में कोई सेंध न लगे और जन-आस्था आहत न हो।

श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में तो सुगम दर्शन का शुल्क भी जमा कराया जाता है पर ठगों की जमात ने शीघ्र दर्शन के नाम पर कमाई का नया रास्ता तलाश लिया। मंदिर प्रबंधन को चाहिए कि वह सुगम दर्शन व्यवस्था के नाम पर हो रही धांधली को गंभीरता से ले। फर्जी पंडा, गाइड बनकर लोगों को झांसे में लेने वाले लोग अचानक एक दिन में डेरा नहीं जमाए होंगे। यह सब काफी समय से चल रहा होगा। इस प्रकार की ठगी करने की संभावना कैसे बन जाती है, इसकी जांच होनी चाहिए। बात केवल ठाकुर बांके बिहारी मंदिर या श्रीकाशी विश्वनाथ धाम की ही नहीं है, बल्कि देश के प्रमुख मन्दिरों में बढ़ती जन-आस्था की भीड़ एवं लम्बी-लम्बी लाइनों के बीच पैसे लेकर या वीआईपी दर्शन कराने की त्रासद एवं विसंगतिपूर्ण स्थितियों की हैं, जिसने न केवल देश के आम आदमी के मन को आहत किया है, बल्कि भारत के समानता के सिद्धान्त की भी धज्जियां उड़ा दी है। कुछ विशेष लोगों को मिलने वाले वीआईपी सम्मान एवं सुविधा पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है।

बांके बिहारी मंदिर में एक बार फिर वीआईपी कल्चर का खेल सामने आया है। मंदिर की भीड़ से हटकर वीआईपी दर्शन कराने के नाम पर एक निजी सुरक्षा एजेंसी ने बाउंसर उपलब्ध कराकर पैसे कमाने का गोरखधंधा शुरू कर दिया था। एजेंसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे फेसबुक और इंस्टाग्राम पर प्रचार कर यह दावा किया कि वे श्रद्धालुओं को भीड़ से बचाकर विशेष वीआईपी दर्शन कराने में मदद कर सकते हैं। यह तो घोषित गैरकानूनी व्यवस्था है, लेकिन अन्य प्रमुख मन्दिरों में भी मन्दिर से जुड़े लोग या अन्य ठग पैसे लेकर दर्शन कराते हैं। सबसे ज्यादा दुखद एवं विडम्बनापूर्ण है वीआईपी दर्शन का प्रचलन। प्रश्न है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पहले ही कार्यकाल के दौरान वीआईपी कल्चर को खत्म करते हुए लालबत्ती एवं ऐसी अनेक वीआईपी सुविधाओं को समाप्त कर दिया था तो मन्दिरों एवं धार्मिक आयोजनों की वीआईवी संस्कृति को क्यों नहीं समाप्त किया? क्यों मन्दिरों में वीआईपी दर्शन के लिये सरकार ने अलग से व्यवस्थाएं की। दरअसल, वीआईपी संस्कृति का दायरा बहुत व्यापक है। यह धार्मिक स्थलों तक सीमित नहीं है। लोकतंत्र से लेकर आस्था तक, कई मौकों पर कुछ खास लोगों को विशेष सुविधाएं दी जाती हैं। लोकतंत्र का मूल सिद्धांत कहता है कि सभी नागरिक समान हैं, फिर भी व्यवहार में कुछ लोग विशेष बन जाते हैं, चाहे वे सड़क पर हों, सरकारी दफ्तरों में, अस्पतालों में या मंदिरों में! इसी तरह, बड़े नेताओं और अधिकारियों के लिये मन्दिरों में सीधे दर्शन कराने की व्यवस्थाएं हैं, जिससे लम्बी कतारे और लम्बे समय का इंतजार करती है। ऐसी व्यवस्था से मन्दिरों एवं धार्मिक आयोजनों में हादसें भी होते हुए देखे गये हैं। इन वीआईपी के लिए अक्सर यातायात रोक दिया जाता है, जिससे आम जनता घंटों जाम में फंसी रहती है। अस्पतालों में वीआईपी वार्ड हैं, जबकि आम मरीजों को बिस्तर भी नहीं मिल पाता। एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशनों पर वीआईपी यात्रियों को विशेष सुविधाएं मिलती हैं, जबकि आम लोग लंबी कतारों में खड़े रहते हैं। वीआईपी संस्कृति एक नासूर बन गई है। यही कारण है कि हर सरकार वीआईपी संस्कृति को खत्म करने का वादा करती है, लेकिन हकीकत में इसे बनाए रखने के नए-नए तरीके खोजे जाते हैं।

वीआईपी कल्चर एवं पैसे लेकर दर्शन कराने की धांधली ने एक बार फिर से नये सिरे से बहस छेड़ दी है। सवाल उठ रहा है कि जब गुरुद्वारे में वीआईपी दर्शन नहीं, मस्जिद में वीआईपी नमाज नहीं, चर्च में वीआईपी प्रार्थना नहीं होती है तो सिर्फ हिन्दू मंदिरों में कुछ प्रमुख लोगों के लिए वीआईपी या पैसे लेकर दर्शन क्यों है? क्या इस पद्धति को खत्म नहीं किया जाना चाहिए, जो हिंदुओं में दूरिया पैदा करता है? प्रसिद्ध मन्दिरों में वीआईपी पास एवं दर्शन की व्यवस्था समाप्त क्यों नहीं होती? यह व्यवस्था समाप्त होना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने ही धार्मिक स्थलों पर होने वाली वीआईपी व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किये हैं। निश्चित ही जब किसी को वरीयता दी जाती है और प्राथमिकता दी जाती है तो उसे वीवीआईपी या वीआईपी कहते हैं। यह समानता की अवधारणा को कमतर आंकना है। वीआईपी संस्कृति एक पथभ्रष्टता है, यह एक अतिक्रमण है, यह मानवाधिकारों का हनन है। समानता के नजरिए से देखा जाए तो समाज में इसका कोई स्थान नहीं होना चाहिए, धार्मिक स्थलों एवं मन्दिरों में तो बिल्कुल भी नहीं।

न्यायालय भी देश में बढ़ती वीआईपी संस्कृति को लेकर चिन्तीत है। मद्रास उच्च न्यायालय की मुदुरै पीठ ने अपनी एक सुनवाई के दौरान कहा भी है कि लोग वीआईपी संस्कृति से हताश हो गए हैं, खासतौर पर मंदिरों में। इसके साथ ही अदालत ने तमिलनाडु के प्रसिद्ध मंदिरों में विशेष दर्शन के संबंध में कई दिशा निर्देश जारी किए। राजस्थान में गहलोत सरकार ने भी मन्दिरों में वीआईपी दर्शनों की परम्परा को समाप्त करने की घोषणा की थी कि मन्दिरों में बुजुर्ग ही एकमात्र वीआईपी होंगे। इस तरह की सरकारी घोषणाएं भी समस्या का कारगर उपाय न होकर कोरा दिखावा होती रही है। अक्सर नेताओं एवं धनाढ्यों को विशेष दर्शन कराने के लिए मंदिर परिसरों को आम लोगों के लिये बंद कर दिया जाता है, जिससे श्रद्धालुओं को भारी परेशानी होती है, लोग वास्तव में इससे दुखी होते हैं और कोसते हैं। वीआईपी लोगों को तरह-तरह की सुविधाएं दी जाती है, मन्दिर के मूल परिसर-गर्भ परिसर में दर्शन कराये जाते हैं, उनके वाहन मन्दिर के दरवाजे तक जाते हैं, उनके साथ पुलिस-व्यवस्था रहती है, जबकि आम श्रद्धालुओं को कई किलोमीटर पैदल चलना होता है, भगवान के दर्शन दूर से कराये जाते हैं, उनके साथ धक्का-मुक्की की जाती है। लगता है मन्दिरों में दर्शन में सहभागिता को लेकर आम आदमी गुलामी की मानसिकता को ही जी रहा है। इन स्थानों पर उसके स्वाभिमान, सम्मान एवं समानता को बेरहमी से कुचला जा रहा है। ये कैसा मंदिर और ये कैसा दर्शन जहाँ सरेआम आम दर्शनार्थी का अपमान हो रहा है। इसलिए जिस भी मंदिर में वीआईपी दर्शन की सुविधा दी जा रही है उसके खिलाफ जनक्रांति हो। आज हिन्दू मन्दिरों की भेदभाव पूर्ण दर्शन-व्यवस्था को समाप्त करके ही आम आदमी को उसका उचित सम्मान किया जा सकता है, उसकी निराशा एवं पीड़ा को समझा जा सकता है। भाजपा सरकार मन्दिरों एवं धार्मिक-स्थलों से वीआईपी संस्कृति को समाप्त करने के लिये कोई ठोस कदम उठाये।

(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## खेल/विदेश/कारोबार/फिल्म

# फिर से इजराइल ने ईरान के परमाणु और मिसाइल ठिकानों पर हमला किया

(एजेन्सी)।

**इजराइल** ने शुक्रवार तड़के ईरान पर हमला किया, जिसमें उसके शीर्ष सैन्य अधिकारी मारे गए तथा परमाणु और मिसाइल स्थलों को निशाना बनाया गया। इन हमलों से पश्चिम एशिया के दो धुर विरोधी देशों के बीच व्यापक युद्ध की आशंका बढ़ गई है। इसे 1980 के दशक में इराक के साथ युद्ध के बाद ईरान पर सबसे बड़ा हमला माना जा रहा है। यह हमला ईरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर पैदा तनाव के बीच हुआ है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने हमले के बाद कहा कि इजराइल को ह्लकड़ी सजाह्व दी जाएगी। क्षेत्र के देशों ने इजराइल के हमले की निंदा की, जबकि विश्व भर के नेताओं ने दोनों पक्षों से तत्काल तनाव कम करने का आह्वान किया। इजराइली सेना ने कहा कि ईरान के लगभग 100 ठिकानों पर शुरूआती हमले में लगभग 200 विमान शामिल थे। दो सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि देश (इजराइल) की जासूसी एजेंसी मोसाद समय से पहले ईरान के अंदर विस्फोटक ड्रोन तैनात करने और फिर उन्हें तेहरान के पास ईरानी बेस पर मिसाइल लॉचर को निशाना बनाने के लिए सक्रिय करने में भी सक्षम थी। उन्होंने कहा कि इजराइल ने मध्य ईरान में हथियारों के साथ-साथ वाहनों पर हमला करने वाली प्रणालियों की भी तस्करी की थी, जिन्हें ईरानी हवाई सुरक्षा पर हमला शुरू होते ही सक्रिय कर दिया गया था। अधिकारियों ने नाम न बताने की शर्त पर इस बेहद गोपनीय मिशन के बारे में बात की हालांकि उनके दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि करना संभव नहीं हो सका। कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई है। इजराइली हमले के लक्ष्यों में कई स्थान शामिल थे, जिनमें नतांज में ईरान की मुख्य परमाणु संवर्धन सुविधा भी शामिल थी, जहां से काला धुआं उठता देखा जा सकता था।

बाद में सुबह, इजराइल ने कहा कि उसने पश्चिमी ईरान में दर्जनों रडार प्रतिष्ठानों और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल लॉन्चरों को भी नष्ट कर दिया है। मारे गए लोगों में ईरान के तीन शीर्ष सैन्य नेता, सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मोहम्मद बाघेरी, अर्द्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख जनरल हुसैन सलामी और गार्ड के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के संचालक जनरल अमीर अली हाजीजादेह, शामिल हैं।

ईरान ने तीनों मौतों की पुष्टि की है, जो तेहरान की शासकीय तंत्र के लिए एक बड़ा झटका है और इससे इजराइल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के प्रयास जटिल हो जाएंगे। खामेनेई ने कहा कि अन्य शीर्ष सैन्य अधिकारी और वैज्ञानिक भी मारे गये। अपनी पहली प्रतिक्रिया में, ईरान ने इजराइल पर 100 से ज्यादा ड्रोन दागे, इराक और जॉर्डन दोनों ने पुष्टि की कि वे उनके हवाई क्षेत्र से होकर गुजरे थे।

# रुपया शुरूआती कारोबार में 56 पैसे टूटकर 86.08 प्रति डॉलर पर

(एजेन्सी)।

**शुक्रवार** को शुरूआती कारोबार में 56 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.08 पर आ गया। इजराइल के ईरान के परमाणु स्थलों पर हमले के बाद पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच वैश्विक तेल कीमतों में तेजी और डॉलर के मजबूत होने का असर घरेलू मुद्रा पर दिखा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू शेयर बाजारों की कमजोर शुरूआत और विदेशी पूंजी की भारी निकासी से भी स्थानीय मुद्रा में गिरावट आई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 86.25 पर खुला। फिर 86.08 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 56 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.52 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.31 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.22 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 8.59 प्रतिशत की बढ़त के साथ 75.32 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बृहस्पतिवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 3,831.42 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# ताबड़तोड़ कमाई कर रही तरुण मनसुखानी की हाउसफुल-5

(एजेन्सी)।

**तरुण** मनसुखानी की हाउसफुल 5 बॉक्स ऑफिस पर अपनी बढ़त जारी रखे हुए है फिल्म बड़े पर्दे पर अपने दूसरे वीकेंड के करीब पहुंच गई है। इंडस्ट्री ट्रैकर सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म का भारतीय नेट कलेक्शन सिर्फ 7 दिनों में 127 करोड़ रुपये हो गया है, जबकि वैश्विक स्तर पर अक्षय कुमार अभिनीत फिल्म ने 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। यह अक्षय कुमार की कोर्ट रूम ड्रामा केसरी 2 की पहले हफ़्ते की कमाई से लगभग तीन गुना है। अक्षय, आर माधवन और अनन्या पांडे अभिनीत इस फिल्म ने पहले 7 दिनों के थिएटर रन के दौरान केवल 46 करोड़ रुपये कमाए और दिलचस्प बात यह है कि हाउसफुल 5 ने भारत में अपने नेट कलेक्शन के मामले में पहले ही फिल्म को पीछे छोड़ दिया है।

अक्षय कुमार के लिए साल 2025 अब तक अच्छा रहा है। साल के पहले छह महीनों में खिलाड़ी कुमार की तीन फिल्में सिनेमाघरों में पहुंचीं। स्काई फोर्स से शुरूआत करते हुए, अक्षय कुमार की एक्शन ड्रामा जनवरी में रिलीज हुई। बाद में, उनकी ऐतिहासिक ड्रामा केसरी चैप्टर 2: द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ जलियाँवाला बाग सिनेमाघरों में रिलीज हुई। अब, यह उनकी कॉमिक कैपर हाउसफुल 5 है जो लोगों का मनोरंजन कर रही है। तीनों में से, हाउसफुल 5 ने बॉक्स ऑफिस पर भारी कमाई की है। अक्षय कुमार ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया है क्योंकि उनकी फिल्म हाउसफुल 5 ने स्काई फोर्स के आंकड़ों को पीछे छोड़ दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अक्षय कुमार की हाउसफुल 5 ने पहले सात दिनों में लगभग 127.25 करोड़ रुपये कमाए हैं। फिल्म ने पहले वीकेंड में शानदार प्रदर्शन किया और इसने वीकडेज में भी अच्छा प्रदर्शन जारी रखा। पहले हफ़्ते में इसने 127.25 करोड़ रुपये का आंकड़ा छू लिया और स्काई फोर्स को पछाड़ दिया। स्काई फोर्स का लाइफटाइम कलेक्शन 112.75 करोड़ रुपये है।

चार हफ़्तों के बाद, फि ल्म 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने में सफल रही और इसका लाइफटाइम कलेक्शन 112 करोड़ रुपये हो गया। इस बीच, अक्षय कुमार की फि ल्म केसरी 2 ने अपने बॉक्स ऑफि स रन में 100 करोड़ रुपये से थोड़ा कम की कमाई की। हाउसफुल 5 के सफल रन के साथ, अक्षय कुमार की फि ल्म 2025 की तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फि ल्म बन गई है।

# भारत, ऑस्ट्रेलिया-साउथ अफ्रीका ने एयर इंडिया दुर्घटना के पीड़ितों को दी श्रद्धांजलि

**(एजेन्सी)**। टीम इंडिया के खिलाड़ियों ने गुरुवार को इंट्रा-स्क्वॉड गेम के शुरू होने से पहले 12 जून को अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी और एक मिनट का मौन भी रखा। ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच खेले जा रहे वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के तीसरे दिन खिलाड़ी मैदान पर काली पट्टी बांधकर खेलने उतरे। इस दौरान सभी ने पीड़ितों को श्रद्धाजंलि दी और मौन रखा। अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का एक यात्री विमान सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ाने भरने के कुछ ही क्षणों बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस विमान में 242 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। इस हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी का भी निधन हो गया। विमान में सवार यात्रियों में 169 भारतीय नागरिक, 53 ब्रिटिश, सात पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक था। इस हादसे में भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक रमेश विश्वास ही जीवित बचे है। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# प्लेन क्रेश की घटना स्तब्ध कर अंदर से झकझोर देने वाली–राजेश शुक्ला

## अहमदाबाद विमान दुर्घटना में भाजपाइयों ने मृतको को दी श्रद्धांजली

**संजना भारती संवाददाता**
**मनोज कुमार बिन्द**



**प्रयागराज।** भाजपा जिला कार्यालय सिविल लाइंस में शुक्रवार को जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल की अध्यक्षता में कार्यकताओं ने अहमदाबाद एयर इंडिया के विमान दुर्घटना में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रुपाणी सहित सभी मृतकों को श्रद्धांजली देते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की हैं। जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल ने कहा कि इस अकारण हुई दुर्घटना से वे सभी स्तब्ध है।

पूर्व सीएम के निधन को पार्टी की अपूर्णीय छति बताया। साथ ही सभी मृतकों व घायलो के परिवारों के लिए शोक संवेदना व्यक्त करते हुए फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रख हुतात्मा के शांती की प्रार्थना की। शोक सभा में जिला महामंत्री पुष्पराज सिंह पटेल, जिला मंत्री राजेश धनगढ़, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी, जिला प्रोटोकॉल मंत्री सुरेश शुक्ला, जिला आईटी प्रमुख सतीश विश्वकर्मा, अनूसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष राजमणि पासवान, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सविता मिश्रा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधाकर पांडेय, वीरेंद्र शुक्ला, अमरेश तिवारी, आनन्द तिवारी, प्रदीप मिश्र, धर्मराज पाल आदि के साथ भारी संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहें। भाजपा यमुनापार जिलाध्यक्ष ने प्लेन क्रेश होने के बाद सभी संगठनात्मक कार्यक्रम स्थगित कर शोक सभा आयोजित की।

# डीआरएम से अकबरनगर स्टेशन पर ट्रेनो के ठहराव और मुलभूत सुविधा की मांग

**एसबी संवाददाता**



**अकबरनगर।** नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने अकबरनगर रेलवे स्टेशन पर मूलभूत सुविधा एवं ट्रेनों के धाराओं की मांग किया है। सुल्तानगंज स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचे डीआरएम से अध्यक्ष प्रतिनिधि अंजीत कुमार ने मिलकर मांग पत्र दिया। मांग पत्र में उन्होंने बताया है कि अकबरनगर रेलवे स्टेशन का वार्षिक आय लगभग डेढ़ करोड़ हैं। इसके बाबजूद आरक्षण काउंटर उपलब्ध नहीं है। जिससे यात्रियों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। साथ ही उन्होंने मांग पत्र में कहा है कि अकबरनगर स्टेशन पर प्लेटफॉर्म संख्या एक एवं दो का विस्तारीकरण, आरक्षण काऊटर की सुविधा, साफ सफाई सुविधा के साथ पेय एंड युज शौचालय निर्माण, दिल्ली जाने जाने के लिए विक्रमशीला एक्सप्रेस, मालदा-पटना एक्सप्रेस,पटना-दुमका एक्सप्रेस, बाँका-राजेंदनगर एक्सप्रेस, जयनगर नगर-भागलपुर एक्सप्रेस, रांची-गोड्डा एक्सप्रेस, कविगुरू एक्सप्रेस के ठहराव की माँग किया है।

# डॉ. रवजोत सिंह ने दुखद विमान दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया

**एसबी संवाददाता**

**चंडीगढ़।** शहरी स्वच्छता को आधुनिक बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए, पंजाब के स्थानीय निकाय मंत्री, डॉ. रवजोत सिंह ने आज 150 नगर पालिकाओं के लिए 39.56 करोड़ रुपये की लागत वाली 730 उन्नत सफाई मशीनों के बेड़े को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह पूरे राज्य में सीवरों की हाथ से सफाई से मशीनीकृत सफाई की ओर एक निर्णायक कदम है। इस व्यापक मशीनीकरण कार्यक्रम में ऐसे विशेष उपकरण शामिल हैं जो सफाई संबंधी हर चुनौती का समाधान करने के लिए डिजाइन किए गए हैं और सीवर लाइनों में मानवीय हस्तक्षेप की आवश्यकता को समाप्त करते हैं। इस बेड़े में जेटिंग-कम-सक्शन मशीनें शामिल हैं जो सीवर में जमा कचरे को साफ करने के लिए शक्तिशाली सक्शन के साथ उच्च दबाव वाले पानी के जेट का संयोजन करती हैं।

# पंजाब पुलिस द्वारा सरहद पार से नार्को-तस्करी रैकेट का पर्दाफाश

## 4.5 किलोग्राम हेरोइन, 11 लाख रुपए की ड्रग मनी बरामद

**संजना भारती/विज्ञप्ति द्वारा**



**चंडीगढ़/अमृतसर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों पर शुरू की मुहिम युद्ध नशों विरुद्ध के दौरान एक और बड़ी सफलता हासिल करते हुये पंजाब एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एऐनटीऐफ) बार्डर रेंज अमृतसर ने दो तस्करों को गिरफ़्तार करके सरहद पार से नारकोटिक्स तस्करी रैकेट का पदार्फाश किया है और उनके कब्जे में से 4. 5 किलो हेरोइन और 11 लाख रुपए की ड्रग मनी बरामद की है। यह जानकारी डायरैक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने शुक्रवार को यहाँ दी।

बताने योग्य है कि गिरफ़्तार किये गए व्यक्तियों की पहचान गुरभेज सिंह उर्फ भेजा, निवासी गाँव धनोए खुर्द और मौजूदा समय निवासी गाँव रत्न और अभिजीत सिंह उर्फ हैपी, निवासी गाँव माहल और मौजूदा समय भल्ला कालोनी, छेहरटा, अमृतसर के निवासी के तौर पर हुई है।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्राथमिक जांच से पता लगा है कि गिरफ़्तार किया गया मुलजिम गुरभेज पाकिस्तान आधारित तस्कर राणा के सीधा संपर्क में था और खेप की डिलीवरी के लिए तालमेल कर रहा था। उन्होंने कहा कि अपनी गिरफ़्तारी से कुछ दिन पहले, पाक आधारित समगलर के साथ मिल कर इस हेरोइन की खेप को ड्रोन के द्वारा पहुँचाने का प्रबंध किया था और मुलजिम गुरभेज ने इस कार्यवाही में अपने अन्य साथियों समेत अभिजीत सिंह को भी शामिल किया था।

डीजीपी ने कहा कि भरोसेयोग खुफिया जानकारी के आधार पर एएनटीएफ बार्डर रेंज अमृतसर की टीमों ने खुफिया कार्यवाही की और दोनों मुलजिमों को उस समय गिरफ़्तार किया जब वह हेरोइन को आगे बेचने की कोशिश कर रहे थे। उनके कब्जे में से हेरोइन और ड्रग मनी बरामद करने के इलावा पुलिस टीमों ने उनका स्कूटर फैसीनो ऐस, जो कि बिना नंबर प्लेट से था, भी जब्त कर लिया है। उन्होंने कहा कि पूरी स्पलाई चेन को खत्म करने के लिए आगे जांच जारी है और आगामी दिनों में और गिरफ़्तारियाँ और बरामदगियां होने की संभावना है।

इस सम्बन्धी एनडीपीएस एक्ट की सम्बन्धित धाराओं के अंतर्गत एफआईआर नंबर 157, तारीख 11. 06. 2025 को थाना एएनटीएफ, एस. ए. एस. नगर में केस दर्ज किया गया है।

# पंजाब पुलिस ने 56 व्यक्तियों को नशा छोड़ने का इलाज लेने के लिए राजी किया

**संजना भारती/विज्ञप्ति द्वारा**

**चंडीगढ़।** राज्य में से नशों के मुकम्मल खात्मे के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर शुरू किये गए युद्ध नशों विरुद्ध के 104वें दिन पंजाब पुलिस ने आज 116 नशा तस्करों को गिरफ़्तार कर-के उनके कब्जे में से 9.9 किलो हेरोइन, 1.5 किलो अफीम और 11.23 लाख रुपए की ड्रग मनी बरामद की है। इससे सिर्फ.104 दिनों के अंदर गिरफ़्तार किये गए कुल नशा तस्करों की संख्या 17,282 हो गई है। यह ऑपरेशन डायरैक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) गौरव यादव के निदेशों पर राज्य के सभी 28 जिलों में एक ही समय चलाया गया। जिक्रयोग्य है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमीशनरों, डिप्टी कमीशनरों और एस. एस. पीज को पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के हुक्म दिए हैं। पंजाब सरकार द्वारा नशों के विरुद्ध जंग की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा के नेतृत्व में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब कमेटी भी बनाई गई है। आपरेशन के विवरण देते हुये स्पैशल डीजीपी कानून और व्यवस्था अर्पित शुक्ला ने बताया कि 90 गजटिड अधिकारियों की निगरानी अधीन 1300 से अधिक पुलिस कर्मचारियों की शमूलियत वाली 200 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्य भर में 469 स्थानों पर छापेमारी की, जिसके चलते राज्य भर में 80 ऐफआईआरज दर्ज की गई। उन्होंने आगे कहा कि दिन भर चले इस आपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 499 शक्की व्यक्तियों की जांच भी की।

# पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा 1.82 करोड़ से कान्हा गौशाला एवं पशु शेल्टर होम का निर्माण कराएगी!

## पूर्व मंत्री आबिद रजा ने मॉडल गौशाला बनाने के लिए चेयरमैन फात्मा रजा से किया था अनुरोध

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/इंतजार हुसैन**



**बदायूं।** हिन्दु समाज के विशेष मांग पर पूर्व मंत्री आबिद रजा ने बदायूं शहर के आस-पास बेसाहारा पशुओ के लिए मॉडल गौशाला बनाने के लिए पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा से अनुरोध किया था। जिस पर पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने मॉडल गौशाला बनाने के लिए शासन को पत्र लिखा था, जिसकी शासन ने मंजूरी दे दी है।

सदर नगर पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने शहर में आवारा पशुओं की समस्या से निपटने और बेसहारा जानवरों को सुरक्षित आश्रय देने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने घोषणा की है कि मुशाहिदपुर रोड पर ग्राम पलिया मेहंदी में कान्हा गौशाला एवं पशु शेल्टर होम का निर्माण कराया जाएगा। इस योजना में 1 एक करोड़ 82 लाख 86 हजार 447 रुपये की लागत आएगी।

पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने बताया कि यह योजना कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना के अंतर्गत चलाई जा रही है। नगर में वर्षों से चल रही आवारा पशुओं की समस्या से निपटने और आमजन को राहत देने के लिए यह कदम अत्यंत आवश्यक था। पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने कहा कि इस गौशाला में पशुओं के लिए भोजन, पानी, विश्रामगृह और चिकित्सा की समुचित व्यवस्था होगी। इसे एक मॉडल गौशाला के रूप में तैयार किया जाएगा। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि गौशाला निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया जल्द ही पूरी कर ली जाएगी और इसके बाद निर्माण कार्य तेजी से शुरू कराया जाएगा। पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा लगातार नगर में बेसहारा पशुओं की सेवा में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। प्रतिदिन गायों और अन्य जानवरों के लिए हरा चारा और गुड़ भिजवाया जाता है। उनके इस कार्य की नगर में खूब सराहना हो रही है स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह पहल न केवल पशु कल्याण की दिशा में एक नया अध्याय है, बल्कि यह नगर की स्वच्छता, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को भी बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होगी।

पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने कहा कि बेसहारा पशु हमारे समाज का हिस्सा हैं। उनकी देखभाल करना हमारी नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है। यदि हर नागरिक अपने स्तर से प्रयास करे, तो हम एक संवेदनशील और सुंदर समाज की स्थापना कर सकते हैं।

# बदलते परिदृश्य के अनुसार बच्चों का सही लालन-पालन, शिक्षा और संरक्षण करना हमारा नैतिक दायित्व-सुषमा गुप्ता

## करनाल के मंगल सैन सभागार में आयोजित किया गया राज्य स्तरीय बाल दिवस प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण समारोह

**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**



**करनाल।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव सुषमा गुप्ता ने कहा कि बच्चे हमारे राष्ट्र के भावी कर्णधार है, जिनका तेजी से बदलते परिदृश्य के अनुसार सही लालन-पालन, शिक्षा, संरक्षण करना हमारा नैतिक दायित्व है। इसलिए हर अभिभावक को बेहतर ढंग से बच्चों की देखरेख करनी चाहिए। मानद महासचिव शुक्रवार को स्थानीय मंगलसेन ऑडिटोरियम में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय बाल पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विजेता प्रतिभागियों को संबोधित कर रही थी।

मानद महासचिव ने संबोधित करते हुए आप सबके बीच आकर बेहद खुशी की अनुभूति हो रही है। उन्होंने पुरस्कार ग्रहण करने वाले बच्चों को अपनी ओर से बधाई दी और शुभकामनाएं प्रदान की। उन्होने कहा कि बच्चों को नैतिकता एवं स्वावलम्बन की न केवल शिक्षा प्रदान करें बल्कि उन्हें स्वावलंबी बनने में सहयोग भी करे। बच्चों की रूची समझकर उन्हें भविष्य का मार्ग दिखाए ताकि वे बड़े होकर एक शिक्षित और सुव्यवस्थित होकर उच्च कोटि का नागरिक बन सके। बाल कल्याण परिषद बच्चों के कल्याण के लिए हमेशा नए सृजनात्मक कार्यक्रमों को शामिल कर रहा है ताकि उनका उज्जवल भविष्य एवं जीवन सार्थक बन सके।

मानद महासचिव सुषमा गुप्ता ने कहा कि बाल कल्याण परिषद के माध्यम से बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर देश व प्रदेश में नाम रोशन कर रहे है। देश भक्ति गीतों के माध्यम से स्कूलों से ही बच्चों को प्रेरणा मिलती है। इसलिए हमें आगे बढ़ने का सकंल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में जिला स्तर पर, मंडल स्तर पर और राज्य स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में करीब 25 हजार बच्चों ने भाग लिया था जिसमें से 378 बच्चों को आज सम्मानित किया जा रहा है इनमें 104 लडके व 274 लड़कियां शामिल हैं।

समारोह में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में नगर निगम की आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने कहा कि वर्तमान युग प्रतिस्पधाओं का युग है, उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चे के टैलेंट को पहचानें और जिस क्षेत्र में बच्चे की रूचि है उसे सपोर्ट करें। उन्होंने कहा कि हर बच्चे में खूबी होती है, बस उसे तराशने की देर होती है।

हरियाणा में बाल कल्याण परिषद द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है, इन प्रतियोगिताओं के मंच के माध्यम से बच्चों को अपना टैलेंट दिखाने का मौका लगातार दिया जा रहा है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करने पहुंची नगराधीश मोनिका ने विजेता बच्चों को पुरस्कार हासिल करने पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में मुख्यालय से आई बाल कल्याण अधिकारी मैडम सरोज ने जिला उपायुक्त एवं जिला बाल कल्याण परिषद के अध्यक्ष उत्तम सिंह का धन्यवाद किया। उन्हीं की मार्ग दर्शन में यह राज्य स्तरीय समारोह संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि हर वर्ष इस तरह का राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया जाता है। बाल कल्याण परिषद द्वारा आज जिन बच्चों का चयन किया है, उन बच्चों ने क्विज, ऑन स्कैचिंग द स्पॉट, रंगोली, पोस्टर मेकिंग, फन गेम, सोलो सोंग, सोलो डांस, क्ले मॉडलिंग, फैंसी ड्रेस सहित अनेक राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में अव्वल स्थान हासिल किया है। समारोह में मुख्य अतिथि ने प्रदेश भर से आए विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य कपिल अत्रेजा, मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी गुरुग्राम कमलेश शास्त्री, लेखाकार अनुज कुमार, जिला बाल कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, अम्बाला जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक, सोनीपत जिला बाल कल्याण अधिकारी आरती, प्रोग्राम आफिसर सुमन शर्मा, लेखाकार अनुज सिंगला सहित अन्य स्टाफ व कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

राज्य स्तरीय बाल पुरस्कार वितरण समारोह में वीरवार को अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में मारे गए लोगों के लिए दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

# ऐलनाबाद और रानियां के किसानों ने सांसद कुमारी सैलजा के समक्ष फिर उठाया घग्घर जल वितरण विवाद का मुद्दा

## अहमदाबाद विमान हादसा राष्ट्रीय स्तर की गहन मानवीय क्षति, दिवंगत आत्माओं को अर्पित की श्रद्धांजलि

**एसबी विशेष संवाददाता**



**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव कुमारी सैलजा ने की मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से आग्रह किया है कि घग्गर और उससे निकलने वाली नहरों के जल वितरण को लेकर एक स्पष्ट, स्थायी और किसान-हितैषी नीति बनाई जाए, जिससे टेल क्षेत्र तक भी सिंचाई हेतु पानी की समान और सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। जल वितरण की प्रक्रिया पारदर्शी और न्यायसंगत हो, जिसके लिए एक नियमबद्ध ढांचा तुरंत प्रभाव से लागू किया जाना आवश्यक है। साथ ही सैलजा ने अहमदाबाद को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहन संवेदना व्यक्त की है। साथ ही चौ चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्व विद्यालय में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की निंदा करते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

सांसद कुमारी सैलजा ने शुक्रवार को ऐलनाबाद क्षेत्र में कई गांवों का दौरा किया और दिंवगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उधर रानियां और ऐलनाबाद के किसानों ने एक बार फिर उनसे मुलाकात की घग्घर से निकली नहरों के जल वितरण के मामले में बातचीत की। किसानों को सैलजा ने बताया कि उनकी शिकायत को लेकर सीएम को पत्र लिखकर कहा गया है कि जल वितरण को लेकर एक स्पष्ट, स्थायी और किसान-हितैषी नीति बनाई जाए, जिससे टेल क्षेत्र तक भी सिंचाई हेतु पानी की समान और सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। उन्होंने यह भी जोर दिया कि जल वितरण की प्रक्रिया पारदर्शी और न्यायसंगत हो, जिसके लिए एक नियमबद्ध ढाँचा तुरंत प्रभाव से लागू किया जाना आवश्यक है। मानसून से पहले तटबंधों की मरम्मत और नहरों की समुचित सफाई का कार्य शीघ्रता से पूरा करने की आवश्यकता पर भी बल दिया, ताकि जल प्रवाह में किसी प्रकार की रुकावट न आए और किसानों को समय पर सिंचाई का लाभ मिल सके।

इसके अतिरिक्त सांसद ने यह भी मांग की कि सरकार सीधे किसानों से संवाद कर व्यावहारिक और दीर्घकालिक समाधान सुनिश्चित करे। कुमारी सैलजा ने कहा कि सिरसा और आसपास के क्षेत्र के किसान लंबे समय से जल वितरण में असमानता, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही का शिकार हो रहे हैं। टेल क्षेत्र के किसान विशेष रूप से पीड़ित हैं, जहां पानी पहुंचना भी मुश्किल हो गया है, जिससे फसलें प्रभावित हो रही हैं और किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। सांसद ने सरकार से अपेक्षा की है कि इन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर संवेदनशीलता और प्राथमिकता के साथ कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र के किसानों को राहत मिल सके और उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित हो सके।

सांसद ने अहमदाबाद विमान हादसे को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहन संवेदना व्यक्त की है। सैलजा ने कहा कि दो मिनट में जो त्रासदी घटित हुई, उसने कई घरों को हमेशा के लिए उजाड़ दिया। यह सिर्फ एक विमान हादसा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर की गहन मानवीय क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं। इस कठिन समय में वे पूरी तरह से प्रभावित परिवारों के साथ खड़े हैं। हम प्रार्थना करते हैं कि इस मुश्किल समय में सभी प्रभावित लोगों को शक्ति और सांत्वना मिले।

उधर सांसद सैलजा ने चौ चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्व विद्यालय धरनारत छात्रों के बीच पहुंचकर छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की निंदा करते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। सैलजा ने छात्रों की मांगों को जायज बताते हुए कहा कि वजीफों में कटौती के विरोध में शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे निर्दोष छात्रों पर एचएयू के सिक्योरिटी चीफ की तरफ से हिंसक लाठीचार्ज करना बेहद शर्मनाक, निंदनीय और क्रूरता भरा कदम है। सांसद ने कहा कि एचएयू का नाम धूमिल करने वाले वे लोग है जो कुर्सी पर बैठे है इसमें छात्रों का कोई दोष नहीं है। सांसद ने कहा कि छात्रों पर लाठीचार्ज के जो भी दोषी है उन पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए, साथ ही सांसद ने कहा कि वे छात्रों के हक के लिए उनके साथ है।

सांसद कुमारी सैलजा कल डबवाली क्षेत्र का दौरा कर कार्यकर्ताओं से बातचीत करेंगी साथ ही लोंगों की समस्याएं भी सुनेंगी। वे संगठन सृजन को लेकर भी कार्यकर्ताओं से चर्चा करेगी। सांसद का कहना है कि सोनिया गांधी राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे प्रदेश के संगठन को लेकर काफी गंभीर है, ऐसे में सभी को मिलजुलकर संगठन की मजबूती के लिए करना है। कार्यकर्ताओं से चर्चा के बाद वे जन समस्याएं भी सुनेंगी।

# भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो सहनशीलता: विजीलैंस ब्यूरो द्वारा एस. डी. एम. का स्टेनो 24 लाख रुपए नकदी सहित काबू

**संजना भारती/विज्ञप्ति द्वारा**

**चंडीगढ़।** पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा अपनाई गई जीरो सहनशीलता नीति के अंतर्गत एस. डी. एम. दफ्तर, जिला रायकोट, लुधियाना में तैनात स्टेनो जतिन्दर सिंह को 24,06,000 रुपए रिश्वत लेने के दोष के तहत गिरफ़्तार किया है।

यहाँ यह जानकारी देते हुये राज्य विजीलैंस ब्यूरो के सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि यह गिरफ़्तारी गाँव सुखाना, तहसील रायकोट, जिला लुधियाना के एक निवासी की तरफ से दर्ज करवाई गई शिकायत के बाद की गई है। उन्होंने आगे बताया कि शिकायतकर्ता ने दोष लगाया है कि एस. डी. एम. रायकोट और उसका स्टेनो जतिन्दर सिंह, निवासी गाँव नूरपुरा, तहसील जगराओं, आम लोगों के सरकारी काम करने के बदले लोगों से मोटी रकम वसूल रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि इस जानकारी के आधार पर कार्यवाही करते हुये विजीलैंस ब्यूरो की टीम ने मुलजिम स्टेनो जतिन्दर सिंह से पूछताछ की और उसके दफ़्तर की तलाशी के दौरान एक अलमारी में से 24 लाख 6 हजार रुपए की नकदी बरामद हुई। मुलजिम इस नकदी का ब्यौरा बताने में असफल रहा और विजीलैंस ब्यूरो की टीम ने उसको गिरफ़्तार कर लिया। प्रवक्ता ने बताया कि इस सम्बन्धी भ्रष्टाचार रोकथाम कानून के अंतर्गत विजीलैंस ब्यूरो थाना लुधियाना रेंज में केस दर्ज किया गया है और इस केस की आगे जांच जारी है।



# योग से बनेगा स्वस्थ और नशा मुक्त समाज: नगराधीश मोनिका

## सैक्टर 12 स्थित लघु सचिवालय के प्रांगण में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** नगराधीश मोनिका ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग आत्म दर्शन की उत्कृष्ट साधना है और इसे विधि, अवधि, निरंतरता तथा एकाग्रता के साथ करने से इसका पूर्ण लाभ मिलता है। नगराधीश शुक्रवार को सेक्टर 12 स्थित लघु सचिवालय के प्रांगण में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर आयोजित एक दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर में अधिकारियों, कर्मचारियों, योग साधकों व आमजन को संबोधित कर रही थीं। इस मौके पर नगराधीश ने उपस्थित जनों को योग युक्त व नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प दिलाया और सभी को पौधे वितरित कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा मे कार्य करने के लिए प्रेरित किया।



नगराधीश मोनिका ने कहा कि दैनिक जीवन की चुनौतियों से पार पाने के लिए शरीर को स्वस्थ रखना आवश्यक है और इसके लिए योग से जुडना जरूरी है। योग आध्यात्मिक अनुशासन एवं अत्यंत सूक्ष्म विज्ञान पर आधारित ज्ञान है, जो मन और शरीर के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। योगाभ्यास में योग मुद्रा व एक्यूप्रेशर विज्ञान का भी अपना महत्व है। जोड़ो में दर्द, घुटने दर्द, कमर दर्द, सिर दर्द व थायराइड जैसे रोगों से मुक्ति पाने में एक्यूप्रेशर विज्ञान बहुत ही उपयोगी है। उन्होंने कहा कि योग अपनाने वाले व्यक्तियों को गंभीर बीमारी नहीं होती और उनमें आत्मविश्वास तथा बल की वृद्धि बनी रहती है।

जिला आयुष अधिकारी डॉ. सतपाल ने बताया कि किसी भी प्राणायाम का अभ्यास लगातार पांच से सात मिनट तक करने पर ही उसका शरीर के अंगों पर प्रभाव पड़ना शुरू होता है। योग करने वाला व्यक्ति दिनभर ताजगी और स्फूर्ति से भरा रहता है तथा मन की स्थिरता के कारण अपनी दिनचर्या के सभी व सही निर्णय लेने में सक्षम होता है। उन्होंने बताया कि आज पूरे विश्व ने योग के महत्व को मानकर इसे अपनाया है। योग के अत्यधिक महत्व के कारण ही अब यह विश्व स्तर पर मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि आयुष विभाग द्वारा योग के प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जिला की 35 व्यायामशालाओं और सभी वेलनेस सैंटर पर प्रातः कालीन व सायंकालीन सत्रों में आमजन को योगाभ्यास करवाया जा रहा है। उन्होंने आह्वान किया कि 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह के राष्ट्र पर्व के रूप में मनाने के उद्देश्य से अधिक से अधिक लोग इस कार्यक्रम से जुड़ें। उन्होंने बताया कि 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आगामी 21 जून को योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ थीम पर करनाल की नई अनाज मंडी में आयोजित किया जाएगा। योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर के अवसर पर आयुष विभाग से डॉ. अमित पुंज ने योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया। शिविर में योग शिक्षक डॉ. अमित पुंज व योग सहायक अनुराग और कुमारी गुंजन ने योग के सभी आसनों का अभ्यास करवाया और फिर कपालभाति तथा अनुलोम-विलोम करवाकर उसके लाभ भी बताए। उन्होंने कहा कि शरीर के 8 चक्र हैं, जिन पर सारा सिस्टम आधारित है। योग करने से सारी कोशिकाएं जागृत होने के साथ पुनर्जिवित भी हो जाती हैं, एक तरह से नाडियों का शोभन होता है।

शिविर में अन्य सभी योग शिक्षकों ने वक्र आसन, मयूर आसन, ताड़ासन, अर्धचक्र आसन तथा पावस्थ आसन का अभ्यास करवाया। उन्होंने बताया कि आसनों से शरीर के घुटने, कमर, उदर, मासपेशियां व दिमाग स्वस्थ रहता है। इस मौके पर उन्होंने योग के साथ-साथ ध्यान पर भी जोर दिया और बताया कि सृष्टि रचियता भगवान सर्व शक्तिमान है। मनुष्य को नित शुद्ध कर्म करते हुए योग से जुड़े रहना चाहिए।

इस अवसर पर आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल ने योग प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए सभी अधिकारियों, कर्मचारियों व योग शिक्षकों का धन्यवाद किया।

# राजौंद के वार्ड 7, रविदास आश्रम में 'नवीन संकल्प शिविर' होगा आयोजित

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**राजौंद।** नगर के वार्ड नंबर 7, रविदास आश्रम राजौंद में नवीन जिंदल फाउंडेशन द्वारा विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पार्षद प्रतिनिधि वार्ड सात राजकुमार ने बताया कि नवीन जिंदल मोबाइल मेडिकल यूनिट का श्री रविदास मंदिर में दिनांक 14 जून को सुबह 10:00 बजे से 2:00 तक एमबीबीएस डॉक्टर के द्वारा फ्री चैकअप और दवाइयां वितरित की जाएगी। नागरिकों को इस का लाभ उठाना चाहिए।




नवीन जिंदल कार्यालय हल्का कलायत प्रभारी कर्मवीर सिसोदिया ने बताया कि समाजसेवी सांसद नवीन जिंदल की ओर से समाज हित में लगातार नवीन संकल्प शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि शिविर में पहुंचकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। इच्छुक व जरूरतमंद नागरिक शिविर में पहुंच रही मेडिकल वैन व अन्य स्वास्थ्य सेवाओं, लैब टेस्ट, चिकित्सिय परामर्श निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। पार्षद वार्ड नंबर सात श्रीमती कर्मवती ने कहा कि समाजसेवी सांसद कुरुक्षेत्र नवीन जिंदल लगातार जनहित के शिविर लगा कर मानव सेवा, जनसेवा में समर्पित है। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया है कि जरूरतमंद नागरिक शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का निःशुल्क लाभ उठाएं।

# राजौंद आर्य समाज द्वारा स्थानीय सीएचसी में औषधिय पौधे लगाए गए



**संजना भारती संवाददाता**

**राजौंद।** राजौंद आर्य समाज द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में औषधिय पौधे लगाएं गए। जिसमें तेज पत्ता, हींग, दालचीनी मसाला पौधा, सफेद गुलाब और पीला गुलाब लगाया गया। इस अवसर पर डॉक्टर रोहित ने आर्य समाज राजौंद का आभार प्रकट किया और कहा कि यह बहुत ही नेक कार्य है। पेड़ पौधे लगाना आज समय की मांग है। उन्होंने कहा लगाएं गए पौधे हरियाली, आक्सीजन के साथ-2 औषधीय होने से और भी अधिक लाभकारी है। पेड़ है तो जीवन है। आर्य समाज प्रधान किरण पाल आर्य ने कहा कि हमें पौधे लगने तक ही सीमित नहीं रहना है बल्कि जब तक यह पौधे बड़े नहीं हो जाते तब तक उनकी देखभाल भी करनी है। भविष्य में भी इसी तरह के पौधे अन्य स्थानों पर लगाए जाते रहेंगे।

इस अवसर पर अतुल राणा, अमित राणा, अल्का शर्मा सहित अस्पताल स्टाफ सतपाल, अरविंद, रामलाल, सोनू शर्मा, करण, दीपक कुमार, प्रयोगशाला विभाग से होशियार सिंह, राजकमल काउंसलर मनीता, जितेंद्र कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# एचआईवी एड्स, एसटीआई तथा टी.बी. की ट्रेनिंग का आयोजन: डॉ पूनम चौधरी

**एसबी संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** सिविल सर्जन डा0 पूनम चौधरी की अध्यक्षता में आज सिविल सर्जन कार्यालय में एचआईवी एड्स, एसटीआई तथा टी0बी0 की ट्रेनिंग का आयोजन किया गया, जिसमें जिला करनाल के सभी सी0एच0ओ0 को विस्तारपूर्वक ट्रेनिंग दी। इस कार्यक्रम में कुल 92 प्रतिभागियों ने भाग लिया।




प्रशिक्षण कार्यक्रम में सिविल सर्जन डा. पूनम चौधरी ने सभी प्रतिभागिया को एचआईवी एड्स से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने एचआईवी एड्स के फैलने के कारण, लक्षण व रोकथाम के बारे में बताया। साथ ही इस बीमारी को लेकर जो भ्रांतियां समाज में फैली हुई हैं उन्हें भी दूर किया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के लिए एचआईवी व वीडीआरएल टैस्ट की आवश्यकता के बारे में बताया। साथ ही यह भी बताया कि यदि किसी को भी एचआईवी हो जाता है तो किन सावधानियों को बरतें व किस प्रकार अपना इलाज करवाएं।

उन्होंने बताया कि एचआईवी एड्स के टैस्ट पूरे हरियाणा में सभी आईसीटीसी केन्द्रों पर मुफ्त किये जाते हैं और एचआईवी एड्स से संक्रमित व्यक्तियों की सभी प्रकार की जांच व दवाइयां मुफत दी जाती हैं तथा उनकी सारी जानकारी गुप्त रखी जाती है। इसके बारे में भी खुलकर बात की। नवजात शिशु को संक्रमण से बचाने के लिए कौन सी दवाइयां देनी है। उसके बारे में भी बताया ताकि इस संक्रमण से बचा जा सके। इसके साथ ही एचआईवी एड्स एक्ट 2017 के बारे में भी जानकारी दी ताकि किसी भी प्रकार से संक्रमित व्यक्ति को उसके अधिकारों से उसे वंचित किया जाता है तो उस दशा में वे कौन से ठोस कदम उठा सकतें हैं। इसके अतिरिक्त उन्होने टी0बी0 के कारण, लक्षण व रोकथाम के बारे में भी जानकारी दी। उन्होने बच्चों को एचआईवी एड्स से ग्रसित व्यक्ति से भेदभाव न करने व उनके साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने के लिए कहा। इस मौके पर उप सिविल सर्जन डॉ सिम्मी कपूर ने अपील की कि एचआईवी एड्स की जानकारी सभी से सांझा करें ताकि एचआईवी एड्स की जानकारी ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाई जा सके तथा एचआईवी के संक्रमण को फैलने से रोका जा सके।

इसके साथ ही एचआईवी एड्स एक्ट 2017 के बारे में भी जानकारी दी ताकि किसी भी प्रकार से संक्रमित व्यक्ति को उसके अधिकारों से उसे वंचित किया जाता है तो उस दशा में वे कौन से ठोस कदम उठा सकतें हैं। इसके अतिरिक्त उन्होने टी0बी0 के कारण, लक्षण व रोकथाम के बारे में भी जानकारी दी।

कार्यक्रम में डा0 उजिता द्वारा पीएलएचआईवी की बेसिक समस्याओं के निवारण करने के लिए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों से अनुरोध किया गया कि आप अपने-अपने स्तर पर एक नोडल अधिकारी का चुनाव करें, ताकि इस पीएलएचआईवी व्यक्तियों की जो भी समस्याएं हैं उनका निवारण समय पर हो पाए। उन्होंने यह भी बताया की नोडल अधिकारी के चुनाव से इन लोगों पीएलएचआईवी की कोंफिडैंशियलिटी मेनटेन रहेगी और इन लोगों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव न हो पाए।

इसके अतिरिक्त एचआईवी एड्स हैल्पलाइन टोल फ्री न0 1097 की जानकारी सभी विद्यार्थियों को दी गई तथा उन्हे यह भी बताया गया कि कोई भी व्यक्ति नजदीकी आईसीटीसीध एफआईसीटीसी सैंटरर्स पर जाकर अपनी एचआईवी टेस्टिंग व काउंसलिंग मुफत में करवा सकता है।

# डोर टू डोर अभियान तहत सीवन क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर आमजन को नशा ना करने बारे किया जागरूक



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** नशा मुक्त हरियाणा मुहिम के तहत समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से एसपी आस्था मोदी के निदेर्शानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत पुलिस टीम द्वारा कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत जागरूकता टीम में शामिल एसआई कर्मबीर, एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही किस्मत, एसपीओ राजपाल तथा एसपीओ प्रदीप कुमार की टीम द्वारा डोर टू डोर अभियान चलाकर सीवन क्षेत्र के गांव नांगल, माझला, फर्शमाजरा, पोलड़, कांगथली, भूना, सैर, व ककहेड़ी में मौजिज व्यक्तियों सहित आमजन को नशे के प्रति जागरूक करने के साथ साथ इस अभियान को सफल बनाने में आमजन से सहयोग की अपील की है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि नशा मुक्ति टीम गांव गांव जाकर हर दिन कार्यक्रम कर रही है। आमजन भी इस मुहिम में पुलिस का साथ दे रहे है तथा पुलिस की इस कल्याणकारी मुहिम की प्रशंसा कर रहे है। नशा एक सामाजिक बुराई है, जो नशा किसी के लिए भी हितकारी नहीं हो सकता। नशे की लत में पड़ गया व्यक्ति अपने दृढ संकल्प से इस बुराई को छोड़ सकता है।

पुलिस द्वारा जहां पर नशा तस्करों पर शिकंजा कसा जा रहा है, वहीं पर पुलिस द्वारा नशे के आदि व्यक्ति का नशा छुडवाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। पुलिस द्वारा जिले में नशे से पीड़ित व्यक्तियों की काउंसलिंग करवाई जा रही है। युवा वर्ग को भी खेल या अन्य गतिविधि में बेहतरीन कार्य करके अपने माता पिता, गांव समाज का नाम रोशन करना चाहिए।

नशा मुक्त व अपराध मुक्त समाज की स्थापना के लिए हम सभी को मिलकर कदम उठाने होंगे। पुलिस मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई कर रही है। मगर लोगों में नशा के खिलाफ जागरूकता पैदा करने तथा इस अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए जन सहयोग अति आवश्यक है। आमजन नशे से संबंधित कोई भी सूचना पुलिस को दे। सूचना देने वाले का नाम पता गुप्त रखा जाएगा।

# एक जनवरी 26 को क्वालिफाइंग तिथि मानकर मतदाता सूचियों का होगा पुनरीक्षण: मेहता

## जिन बूथों पर 1200 से ज्यादा मतदाता होंगे, वहां नए बूथ बनाए जाएंगे

**एसबी विशेष संवाददाता**

**करनाल।** एसडीएम अनुभव मेहता के अनुसार प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निदेर्शानुसार जिला में मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण एक जनवरी 2026 को क्वालिफाइंग तिथि मानकर किया जाएगा। इसके अलावा जहां-जहां जरूरत होगी वहां नए बीएलओ नियुक्त किए जाएंगे।




प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के साथ आयोजित वीडियो कांफ्रेंस के बाद उन्होंने बताया कि जिला के नीलोखेड़ी-19, इंद्री-20, करनाल-21, घरौंडा-22 और असंध-23 विधानसभा क्षेत्र में पोलिंग बूथों के रेशनेलाइजेशन का कार्य जारी है। आयोग के निदेर्शानुसार जिन बूथों पर 12 सौ से अधिक मतदाता होंगे वहां नए बूथ बनाए जाएंगे। इस समय नीलोखेड़ी हलके में 230, इंद्री में 220, करनाल में 234, घरौंडा में 250 और असंध में 247 बूथ हैं। नीलोखेड़ी में 46, इंद्री में 60, करनाल में 123, घरौंडा में 36 और असंध में 33 नए बूथ बनाए जाएंगे। रेशनेलाइजेशन प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन बूथों के लिए बीएलओ की नियुक्ति की जाएगी। इसके बाद उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी से तारीख व समय निर्धारित कर राजनैतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की जाएगी।

एसडीएम अनुभव मेहता ने बताया कि सभी बीएलओ को सीईओ हरियाणा और ईसीआई के सोशल मीडिया अकाउंट को ज्वाइन करने के निर्देश दिए जाएंगे। 2 जुलाई को दिल्ली में भारत मंडपम में आयोजित की जाने वाली ट्रेनिंग में इस जिला से भी बीएलओ भेजे जाएंगे। इसके साथ-साथ उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी निर्देशों की अनुपालना करते हुए पेंडिंग बिलों को जल्द से जल्द क्लियर किया जाएगा। उन्होंने लोक संपर्क विभाग को निर्वाचन विभाग द्वारा जारी गतिविधियों का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर सीटीएम मोनिका, डीआईपीआरओ मनोज कौशिक, कानूनगो अमित व चुनाव कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

# जन-घोषणाओं पर धरातली अमल की तैयारी में जुटा प्रशासन: डॉ. साकेत कुमार

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजेश कुमार**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा वित्त मंत्री के रूप में वर्ष 2025-26 के बजट अभिभाषण में की गई घोषणाओं को लेकर अब प्रशासनिक स्तर पर तीव्रता लाई जा रही है। मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. साकेत कुमार ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि ये घोषणाएं केवल वादे नहीं, बल्कि जनकल्याण के लिए संकल्प हैं, जिन्हें धरातल पर उतारना पहली प्राथमिकता है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि दिसंबर 2025 से पूर्व सभी घोषणाओं की ठोस प्रगति नजर आनी चाहिए।

डॉ. साकेत कुमार आज हरियाणा निवास में आयोजित एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे, जिसमें बिजली, पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास, शहरी स्थानीय निकाय, माध्यमिक, उच्चतर एवं तकनीकी शिक्षा, पर्यटन एवं विरासत, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, नगर एवं ग्राम आयोजना, अभिलेखागार तथा आवास विभाग से संबंधित 79 घोषणाओं की स्थिति का गहन मूल्यांकन किया गया।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग को अपनी घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करनी चाहिए ताकि कार्यप्रणाली में स्पष्टता और उत्तरदायित्व बना रहे। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि घोषणाओं के लिए आवश्यक धनराशि की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

डॉ. साकेत कुमार ने बताया कि वर्ष 2025-26 के बजट में शिक्षा से जुड़ी सर्वाधिक 28 घोषणाएं की गई हैं। माध्यमिक, उच्चतर और तकनीकी शिक्षा विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अन्य संबद्ध विभागों के साथ समन्वय कर फाइल प्रक्रिया शीघ्रता से पूरी करें, ताकि सभी कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण हो सकें।

# समाधान शिविरों में आई शिकायतों के समाधान में लापरवाही न बरतें अधिकारी-डीसी

## हर सोमवार व वीरवार को जिला स्तर व उपमंडल स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं समाधान शिविर

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** डीसी कैथल प्रीति ने कहा कि जिला व उपमंडल स्तर पर हर सोमवार व वीरवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तर का समाधान शिविर लघु सचिवालय के सभागार में तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर एसडीएम कार्यालय में आयोजित किए जाते हैं। आमजन इन स्थानों पर आकर अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रख सकते हैं। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें, इसमें कोई भी लापरवाही न बरती जाए।



डीसी प्रीति शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों की समीक्षा बैठक करके संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का तत्परता से समाधान करवाया जाए, यदि नियम अनुसार शिकायत का समाधान नहीं हो सकता तो इस बारे में शिकायतकर्ता को जानकारी दें। इसकी एटीआर सीटीएम कार्यालय में भेजें। इससे पहले राज्य स्तर पर वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से समाधान शिविरों की समीक्षा बैठक में जारी किए गए आवश्यक दिशा-निर्देश के बारे में भी चर्चा की। डीसी ने कहा कि पुरानी शिकायतों पर अधिक निगरानी करते हुए उनका समाधान करवाएं। उपमंडल स्तर पर सभी एसडीएम समाधान शिविरों में स्वयं बैठना सुनिश्चित करें और अन्य विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को इसमें शामिल करते हुए लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करवाएं। जो शिकायत ज्यादा पुरानी हैं, उनके समाधान के लिए तुरंत कार्रवाई की जाए। जिन समस्याओं का समाधान हो चुका है, उनकी एक्शन टेकन रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करने उपरांत उपायुक्त कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा उन्होंने सीएम विंडों, जन संवाद पोर्टल तथा सोशल मीडिया पोर्टल पर आने वाली शिकायतों की भी समीक्षा की। उन्होंने नगर आयुक्त, बिजली निगम, पंचायत, राजस्व, लोक निर्माण विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को संबंधित विभाग से जुड़ी शिकायतों बारे आवश्यक निर्देश जारी किए।


इस मौके पर जिला नगर आयुक्त सुशील कुमार, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, एसडीएम अजय कुमार, डीडीपीओ कंवर दमन, डीडीए डॉ. बाबू लाल व इनके अलावा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# हर व्यक्ति जीवन में कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं: जगमोहन आनंद

## एक पेड़ मां के नाम अभियान में हिस्सा लें आमजन

**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** विधायक जगमोहन आनंद ने करनाल वासियों से आह्वान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान में हिस्सा लें और कम से कम जीवन में एक पेड़ जरूर लगाएं। पेड़ हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन देते हैं। ऐसे में आगे बढ़कर इस अभियान में हिस्सा लें।



उन्होंने कहा कि मानवता के लिए हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। अगर देश का प्रत्येक व्यक्ति 'वृक्षों को बचाओ, पौधों को लगाओ' की पहल करे तो हमारे देश में प्राकृतिक परिवर्तन देखने को जरूर मिलेगा। क्योंकि वृक्ष ही हैं, जो बारिश को धरती पर लाने में मदद करते हैं। इतना ही नहीं, ये वृक्ष प्रत्येक व्यक्ति को, प्राण वायु देने में भी सहायक होते हैं।

एक व्यक्ति जितनी आक्सीजन एक साल में लेता है, उसकी कीमत लाखों में है लेकिन पेड़ यही आक्सीजन हमें मुफ्त में देते हैं। इसीलिये हम, उन्हीं पेड़ पौधों को बढ़ाने और बचाने की कोशिश करें और पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आए और एक पेड़ अवश्य लगाएं।